मार्गशीर्ष शुक्ल - 4 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 141 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » शनिवार » 16-12-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 रोहित की जगह हार्दिक मुंबई इंडियन्स के कप्तान बने

6 मुख्यमंत्री मोहन यादव योगी के पदचिन्हों पर चलेंगे?

7 शिवराज हुए भावुक, आंखें हुईं नम, कहा: वह मप्र से दूर नहीं जा रहे हैं

फर्स्ट टेक

रूसी हमले में 30 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों की मौत

कीव/वार्ता। रूसी दक्षिणी सैन्य जिले के स्काउट्स ने जापोरीजिया क्षेत्र में रोबोटिन शहर के पास यूक्रेनी सैनिकों के रोटेशन को बाधित कर दिया जिसमें कीव के 30 से अधिक सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, दक्षिणी सैन्य जिले के स्काउट्स ने, तोपखाने इकाइयों के सहयोग से, जापोरीजिया क्षेत्र में रोबोटिन के पास अग्रिम पंक्ति में यूक्रेनी सशस्त्र बल के कर्मियों के रोटेशन को बाधित कर दिया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा,थर्मल इमेजिंग उपकरण से लैस एक टोही ड्रोन की मदद से कर्मियों के रोटेशन की तैयारी कर रहे यूक्रेनी राष्ट्रवादियों के एक केंद्र का पता लगाया गया है। उन्होंने कहा है कि 35 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं या घायल हुए हैं और दो वाहन जब्त किए गए या नष्ट कर दिये गये।

बीजिंग में भारी हिमपात के बीच रेल दुर्घटना में 515 यात्री घायल

बीजिंग/एपी। चीन की राजधानी बीजिंग में भारी हिमपात के बीच दो सबवे ट्रेन में भिड़ंत होने से 515 लोग घायल हो गए। प्राधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि घायलों में से 102 लोगों की हड्डियां टूट गयी हैं। यह हादसा बीजिंग के पश्चिमी पर्वतीय क्षेत्र में बृहस्पतिवार शाम को चांगपिंग लाइन पर हुआ। शहर के परिवहन प्राधिकरण ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में कहा कि पटरियों पर फिसलन के कारण आगे चल रही ट्रेन खुद रुक गयी। पीछे से आ रही ट्रेन समय रहते ब्रेक नहीं लगा पायी और वह फिसल गयी। बयान के अनुसार, आपात चिकित्सा कर्मी, पुलिस और परिवहन प्राधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और रात करीब 11 बजे तक सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया।

16-12-2023 सूर्यास्त 5:56 बजे	17-12-2023 सूर्योदय 6:34 बजे
BSE 71,483.75 (+969.55)	NSE 21,456.65 (+273.95)
सोना 6,565 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम	चांदी 79,730 रु. प्रति किलो

संसद की सुरक्षा में चूक की उच्चस्तरीय जांच जारी : प्रह्लाद जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को संसद परिसर की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर संसद की कार्यवाही बाधित करने को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना की और कहा कि उन्हें ''जिम्मेदारी भरा व्यवहार'' करना चाहिए। संसद के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में जोशी ने कहा कि सुरक्षा में चूक को लेकर उच्चस्तरीय जांच जारी है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान और संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के बीच जोशी ने यह टिप्पणी की।

केंद्र सरकार पर आवाज दबाने की कोशिश के विपक्षी दलों के आरोप के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''कोई किसी की आवाज दबाने की कोशिश नहीं कर रहा है, यह उनका मत है। दो

विधेयक शुक्रवार को कार्यसूची में शामिल किए गए थे। सोमवार को भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम को बदलने के लिए तीन महत्वपूर्ण विधेयक लाए जाएंगे। हम विस्तृत चर्चा चाहते हैं, हमने 15 घंटे आवंटित किए हैं।''

मुख्य 'साजिशकर्ता' ललित झा सात दिनों की पुलिस हिरासत में

नई दिल्ली/वार्ता। संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में कथित साजिशकर्ता ललित झा को अदालत ने शुक्रवार को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पटियाला हाउस स्थित हरदीप कौर की विशेष अदालत ने ललित को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की सात दिनों की हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

दिल्ली पुलिस ने गुरुवार रात ललित को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आज उसे अदालत के समक्ष पेश किया, जहां उसने ललित की 15 दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी। पुलिस ने अदालत के समक्ष दावा किया कि झा ने उसके समक्ष साजिशकर्ता होने का दावा किया है। उसी ने लोकसभा के भीतर और बाहर गिरफ्तार आरोपियों के लिए योजना बनाई थी।

गृह मंत्री के बयान देने के बाद ही चल सकती है संसद : कांग्रेस

नई दिल्ली/वार्ता। कांग्रेस ने कहा है की संसद में सुरक्षा में चूक का मामला अत्यंत गंभीर है और जब तक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस मुद्दे पर दोनों सदनों में बयान नहीं देते हैं तब तक संसद का चलना संभव नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग की प्रभारी जय राम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है और गृह मंत्री को सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर दोनों सदनों में बयान देकर इस मुद्दे पर सांसदों के सवालों का जवाब देना है और उसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू की जा सकती है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री इस बारे में जो बयान बाहर दे रहे हैं उन्हें सदन में आकर जवाब देना चाहिए। जब तक गृहमंत्री दोनों सदनों में बयान नहीं देंगे तब तक दोनों सदनों में कामकाज होने की संभावना बहुत कम है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की भजन लाल शर्मा ने ली शपथ

प्रधानमंत्री मोदी ने भजनलाल शर्मा को बधाई दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर/वार्ता। राजस्थान में जयपुर के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बने भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामय उपस्थिति में राज्यपाल कलराज मिश्र ने रामनिवास बाग में आयोजित भव्य समारोह में शर्मा को मुख्यमंत्री पद और गोपनीयता की

दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा उपमुख्यमंत्री बने

शपथ दिलाई। उन्होंने हिन्दी में शपथ ली।

मिश्र ने इस अवसर पर सुश्री दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन दोनों ने भी हिन्दी में शपथ ली।

समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमर्गा मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं डा सतीश पूनियां शामिल हुए।

ओडिशा और झारखंड में आयकर विभाग की छापेमारी खत्म

भुवनेश्वर/रांची/भाषा। ओडिशा में कांग्रेस के एक सांसद के परिवार के स्वामित्व वाली शराब उत्पादन कंपनी और उससे जुड़ी कुछ कंपनियों के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी शुक्रवार तड़के खत्म हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दस दिन तक चली छापेमारी में 351 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं जिसे देश में अब तक किसी छापेमारी में जब्त सबसे अधिक नकदी बताया जा रहा है। ओडिशा और झारखंड के अंतिम बचे दो दल जब्त किए गए अपराध में इस्तेमाल दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकाले गए डेटा लेकर सुबह के समय परिसरों से रवाना हो गए। बौद्ध डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल) और इससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ छह दिसंबर को छापेमारी शुरू हुई थी। उन्होंने बताया कि कर अधिकारियों ने इस दौरान वितरकों, कुछ हवाला संचालकों, कई कंपनियों के अलावा रांची में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के पारिवारिक आवास पर भी छापेमारी की। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 15 दिसंबर तड़के छापेमारी खत्म हो गई। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के अनुसार जांच इकाई ने पूरे अभियान की अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट दिल्ली में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को भेज दी है। सीबीडीटी कर विभाग का प्रशासनिक निकाय है। हालांकि न तो कंपनी और न ही साहू ने अब तक आयकर विभाग की कार्रवाई पर कोई आधिकारिक बयान या प्रतिक्रिया जारी की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समेत विपक्षी दलों ने सांसद पर निशाना साध रखा है।

उच्चतम न्यायालय का

मथुरा के शाही ईदगाह के सर्वेक्षण आदेश पर रोक लगाने से इनकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/वार्ता। उच्चतम न्यायालय ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर सर्वेक्षण का इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

पीठ के समक्ष मस्जिद पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने उच्च न्यायालय के आदेश

में हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अदालत ने पहले कहा था कि मामले में सुनवाई की जरूरत है। इस मामले में हमसे लिखित दलीलें दाखिल करने को भी कहा गया था। उन्होंने कहा, लेकिन अब उच्च न्यायालय कुछ आवेदनों पर विचार कर रहा है, जिनके दूरगामी परिणाम होंगे। इस पर पीठ ने कहा, इस स्तर पर हम कुछ भी नहीं रोकेंगे। यदि कोई प्रतिकूल आदेश है तो आप यहां आ सकते हैं।

अहमदी ने कहा कि गुरुवार को एक आदेश पारित किया गया, जिसमें आयुक्त को शाही ईदगाह मस्जिद का निरीक्षण करने और इसके लिए आयोग नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा,यह तब हो रहा है जब शीर्ष अदालत इस मामले में अधिकार क्षेत्र का फैसला कर रही है।

पीठ ने अहमदी से उच्च न्यायालय को यह बताने को कहा कि वह (शीर्ष अदालत) नौ जनवरी को मामले की सुनवाई करने वाली है।

इस पर अहमदी ने दलील देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय सुनवाई नहीं कर रहा है।

बलात्कार के मामले में

भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को 25 साल की कैद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सोनभद्र (उप्र)/भाषा। सोनभद्र की एक एमपी-एमएलए अदालत ने शुक्रवार को दुद्धी विधानसभा क्षेत्र (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट) से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को एक नाबालिग लड़की से नौ साल पहले बलात्कार करने के मामले में 25 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई।

इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाना तय है। दरअसल जनप्रतिनिधित्व कानून के अनुसार, कोई भी जनप्रतिनिधि को दो या उससे अधिक साल की कैद होने पर 'दोषसिद्धि' की तारीख से सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य माना जाएगा। इतना ही नहीं, सजा पूरी होने के बाद अगले छह साल के लिए वह सदन की सदस्यता के लिए पात्र नहीं होगा। एमपी/ एमएलए अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (ए डी जे) एहसान उल्लाह खान ने अभियुक्त पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया जो पीड़िता के पुनर्वास के लिए इस्तेमाल किया जाएगा । विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि अदालत ने 12 दिसंबर को विधायक को दोषी करार दिया था और सजा सुनाने के लिए 15 दिसंबर (आज) की तारीख तय की थी ।

।। जय श्री श्याम ।।
श्याम दीवाने, बेंगलोर
की 11(ग्यारहवीं) प्रस्तुति
श्री श्याम शरणम्
दि. 17.12.2023, रविवार अपराह्न 3 बजे से प्रभु इच्छा तक
आमंत्रित गायक
तेजी ब्रदर्स (अमृतसर)
स्थल
सिंदूर कन्वेन्शन हॉल
48/75, 15वां क्रॉस, सारक्की पहला फेज, जे.पी. नगर मेट्रो स्टेशन के पास, जे.पी. नगर, बेंगलोर- 560 078
आमंत्रित गायक
श्री दिनेश हिन्दुस्तानी नोखा (राज.)
आप भक्तगण सपरिवार, इष्ट-मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।
म्यूजिशियन : प्रताप एण्ड पार्टी, कोलकाता
सम्पर्क सूत्र
नन्दलाल सोनी - 93426 56600
ओमप्रकाश राठी - 94487 53086
देव कोठारी - 90199 00317
गिरी बागड़ी - 94483 77109
कार्यक्रम स्थल पर महाप्रसाद की व्यवस्था है।
सहयोगी संस्थाएँ: श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट * माहेश्वरी सभा * अग्रवाल समाज कर्नाटक (रजि.) श्री जीण माता के दीवाने * श्री दादी धाम प्रचार समिति * नोखा नागरिक परिषद स्वास्तिक सेवा संघ * श्री श्याम सखा परिवार * श्री श्याम सेवा संघ *श्याम रसिया गौड़ ब्राह्मण संघ * शाकम्भरी सेवा समिति * श्री जीण माता सेवा समिति (रजि.)
निवेदक : श्याम दीवाने, बेंगलोर
उपरोक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नीचे दिये गए लिंक पर देख सकते हैं।
https://www.youtube.com/live/d1BIeAiQwMI?si=1fO9YWw9ztucTM9c
शुभकामनाओं सहित
शिवकुमार टेकड़ीवाल
संदीप टेकड़ीवाल
सुमित टेकड़ीवाल
Pawan Silks
Exclusive Silk / Handloom Sarees, Dress Materials, Duppattas, Fabrics
Makers of : PUJA श्री
24/1, Annadanappa Lane, K.R. Shettypet, Avenue Road Cross, Bengaluru - 560 002. Ph: 080-4166 4000 / 4166 4001 Mob: 93425 04568 / 94486 86562 / 81234 09300

हमास के खिलाफ लड़ाई में कई महीने का वक्त लगेगा : इजराइली रक्षा मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तेल अवीव/एपी। इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने लंबे समय तक युद्ध चलने का अनुमान जताते हुए कहा कि हमास को तबाह करने में कई महीने लगेंगे।

उनका यह बयान तब आया है जब इजराइल और उसके शीर्ष सहयोगी अमेरिका पर गाजा में तबाही को लेकर अंतरराष्ट्रीय रूप से अलग-थलग पड़ने का दबाव बढ़ गया है।

अमेरिका के राष्ट्रीय



सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने गाजा में बड़ी लड़ाई खत्म करने की समयसीमा पर चर्चा करने के लिए हाल में इजराइली नेताओं से मुलाकात की। इजराइली नेताओं ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के लिए आतंकवादी संगठन को खत्म करने तक सैन्य हमला जारी रखने का संकल्प दोहराया।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने हताहतों की संख्या कम करने में इजराइल की नाकामियों और गाजा के भविष्य के लिए उसकी योजनाओं को लेकर असहजता दिखायी है लेकिन साथ ही व्हाइट हाउस हथियार भेजकर इजराइल की पूरी मदद कर रहा है।

बाइडन ने बृहस्पतिवार को कहा, ''मैं चाहता हूं कि वह इस पर ध्यान केंद्रित करें कि आम लोगों की जान कैसे बचायी जाए। हमास का पीछा करना मत छोड़ना लेकिन अधिक सतर्क रहो।''

ईरान में आतंकी हमले में 11 पुलिसकर्मियों की मौत

तेहरान/वार्ता। ईरान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में शुक्रवार सुबह हुए एक आतंकवादी हमले में 11 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई तथा सात अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार देर रात दो बजे (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार रात 2130 बजे) रैस्क काउंटी में एक पुलिस थाने पर हमला हुआ और पुलिस बलों के साथ हुए संघर्ष में दो हमलावर मारे गए और एक घायल हो गया।

तस्नीम समाचार एजेंसी ने कहा कि ईरान में अल-कायदा से संबंध रखने वाले अलगाववादी संगठन जैश अल-जुल्म समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरानी सुरक्षा बल घटनास्थल से फरार आतंकवादियों की तलाश कर रहे हैं और हमलावरों की पहचान करने के लिए पाकिस्तान के साथ साझा सीमा पर एक हेलीकॉप्टर तैनात किया गया है। इस घटना पर टिप्पणी करते हुए प्रांतीय पुलिस कमांडर दोस्ताली जलीलियान ने कहा कि देश में पूर्ण सुरक्षा और शांति बहाल कर दी गई है और आतंकवादियों को निर्णायक जवाब' देने के लिए संकल्पित हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा से लगे सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले कुछ वर्षों में नागरिकों और सुरक्षा बलों दोनों पर कई आतंकवादी हमले हुए हैं।

।। श्री गणेशाय नमः ।। ।। श्री राणी सत्यै नमः ।। ।। श्री हनुमंते नमः ।।
श्री दादी धाम प्रचार समिति, बेंगलोर
द्वारा आयोजित
श्री दादीजी की विशाल भजन संध्या एवं वार्षिकोत्सव
दि. 24 दिसम्बर 2023, रविवार, अपराह्न 3 बजे से आरती रात्रि 9 बजे
विशेष आर्कषण: भव्य श्रृंगार, अखंड ज्योति, चुनड़ी उत्सव, गजरा उत्सव, मेहंदी उत्सव, छप्पन भोग
आमंत्रित कलाकार
श्री अरविन्द सहल (कोलकाता)
कार्यक्रम स्थल
श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ ट्रस्ट भवन
नं. 554, 555-HBCS, आइडियल होम्स लेआउट, राजराजेश्वरी नगर, बेंगलोर
आमंत्रित कलाकार
श्रीमती निकिता शर्मा (कोलकाता)
आप सपरिवार, ईष्ट-मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।
कार्यक्रम संयोजक
संजय नोपानी : 94480 82757
संजय जाजोदिया : 98450 19445
कार्यक्रम सहसंयोजक
अनूप अग्रवाल : 93425 39940, गोपाल लाठ : 9945241800
सुनील अग्रवाल : 9343766870, संदीप झुंझुनवाला : 9448451272
सिद्धार्थ नोपानी : 96061 13155 * कार्यक्रम उत्सव मंत्री * रामसुंदर बगड़िया : 95901 46789
कार्यक्रम स्थल पर महाप्रसाद की व्यवस्था है।
निवेदक
शिव कुमार टेकड़ीवाल, अध्यक्ष, 93425 04568
संजय चौधरी, सचिव, 97411 25482
प्रकाश चौधरी, कोषाध्यक्ष, 93412 10277
एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य

गुजरात की सेमीकंडक्टर नीति वैश्विक कंपनियों को कर रही है आकर्षित : राज्य सरकार

अहमदाबाद (गुजरात)/भाषा। चिप निर्माता कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी का अहमदाबाद के पास साणंद में 2.75 अरब डॉलर का संयंत्र स्थापित करने का निर्णय गुजरात की सेमीकंडक्टर नीति की सफलता को दर्शाता है। राज्य सरकार ने यह बात कही। गुजरात ने पिछले साल जुलाई में राज्य में परिचालन शुरू करने के लिए प्रोत्साहन तथा सब्सिडी की पेशकश करके सेमीकंडक्टर क्षेत्र में नए निवेश आकर्षित करने के लिए एक नीति की घोषणा की थी। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने 'गुजरात सेमीकंडक्टर नीति' को पेश किया, जो 2027 तक लागू रहेगी। इस नीति को क्षेत्र में नई परियोजनाओं को आकर्षित करने तथा उन्हें सुविधाजनक बनाने के लिए केंद्र के 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के अनुरूप तैयार किया गया है। नीति के तहत, राज्य सरकार अहमदाबाद के पास 'धोलेरा सेमीकॉन सिटी' स्थापित करेगी। वहां पात्र परियोजनाओं को विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जाएगी।

हवाई अड्डों पर यात्रियों के कुशल प्रबंधन के लिए उठाए गए कदम : सिंधिया

नई दिल्ली/भाषा। नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि हवाई अड्डों पर भीड़भाड़ से निपटने के लिए पिछले साल की तुलना में कार्यबल बढ़ाने सहित एक्स-रे मशीन, प्रस्थान प्रवेश द्वार, चेक-इन काउंटर तथा आव्रजन काउंटर बढ़ाए गए हैं। एक्स-रे बैगेज इंस्पेक्शन सिस्टम (एक्सबीआईएस) की संख्या में सालाना आधार पर 33% और एएआई हवाई अड्डों पर 49% की वृद्धि की गई है। मंत्री ने कहा कि इस वर्ष 12 दिसंबर तक संयुक्त उद्यम हवाई अड्डों पर सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) कर्मियों की संख्या भी 19 प्रतिशत बढ़ाकर 19,760 कर दी गई है। 12 दिसंबर 2022 तक कर्मियों की संख्या 16,572 थी। सिंधिया ने कहा कि एएआई (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण) हवाई अड्डों पर सीआईएसएफ कर्मियों की तैनाती 27 प्रतिशत बढ़कर 4,973 हो गई है। 12 दिसंबर 2022 तक कर्मियों की संख्या 3,915 थी। मंत्री ने कहा कि घरेलू यात्री यात्रियों की संख्या प्रतिदिन 4.67 लाख को पार करने के बावजूद दिसंबर 2022 की तुलना में भीड़भाड़ की कोई बड़ी खबर नहीं आई। दिसंबर 2022 में प्रति दिन करीब चार लाख लोग यात्रा कर रहे थे।

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में नवंबर में नौ प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली/भाषा। घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवंबर में नौ प्रतिशत बढ़कर 1.27 करोड़ से अधिक रही। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू विमानन कंपनी बनी रही। हालांकि नवंबर में इसकी बाजार हिस्सेदारी घटकर 61.8 प्रतिशत हो गई, जो अक्टूबर में 62.6 प्रतिशत थी। नवंबर में किसी भी अनुसूचित विमानन कंपनी का 'ऑन-टाइम परफॉर्मेंस' (ओटीपी) अंक 80 प्रतिशत से अधिक नहीं रहा। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में सालाना आधार पर 9.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ हवाई यात्रा करने वालों की संख्या 1.27 करोड़ रही, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह संख्या 1.17 करोड़ थी।

ईडी ने चंडीगढ़ की दवा कंपनी के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर, पंजाब में छापे मारे

चंडीगढ़/नई दिल्ली/भाषा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में चंडीगढ़ स्थित एक दवा कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर और पंजाब में लगभग एक दर्जन स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस मामले में कंपनी- पैराबोलिक ड्रग्स- के खिलाफ अक्टूबर में भी छापे मारे गये थे। केंद्रीय एजेंसी ने पहले पैराबोलिक ड्रग्स के प्रवर्तकों- विनीत गुप्ता (54) और प्रणव गुप्ता (56) एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरजीत कुमार बंसल (74) को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। विनीत एवं प्रणव गुप्ता हरियाणा के सोनीपत स्थित अशोक विश्वविद्यालय के सह-संस्थापक भी हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 2021 में 1,626 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी में उनकी कथित संलिप्तता के लिए उनके और कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। उसके बाद दोनों ने 2022 में अशोक विश्वविद्यालय में अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

विकास को बढ़ावा देने को सरकार अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही है: भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने कई परियोजनाओं पर नजर रखकर विकास को बढ़ावा देने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया है और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2014 के बाद से, उससे पहले के 10 वर्ष की तुलना में दोगुने उपग्रह प्रक्षेपित किए हैं।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अब आठ अरब डॉलर की है और इसमें 45,000 लोग काम करते हैं। पुरी ने भरोसा जताया कि यह क्षेत्र अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर पर पहुंच जाएगा और इसकी वैश्विक हिस्सेदारी मौजूदा दो प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत हो जाएगी। पुरी ने शहरी विकास, बुनियादी ढांचा कार्य और मनरेगा से जुड़ी कई परियोजनाओं पर नजर रखने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को दिया और कहा कि इससे विकास को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा, ''1990 के दशक की शुरुआत में विदेशी सरकारों से भारत की अंतरिक्ष पहुंच को मंजूरी लेनी पड़ती थी लेकिन आज देश प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी, दृढ़ और निर्णायक नेतृत्व में 'विश्वसनीय और सम्मानित वैश्विक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी शक्ति' के रूप में उभरा है।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से अब तक 53 अंतरिक्ष यान मिशन, 52 प्रक्षेपण यान मिशन और छह प्रौद्योगिकी प्रदर्शक के साथ भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है और अंतरिक्ष क्षेत्र के खुलने से इस क्षेत्र में 195 स्टार्टअप शुरू हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय उपग्रह विनिर्माण क्षेत्र 3.2 अरब डॉलर का हो गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अब 'एंड-टू-एंड' तकनीक के साथ अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले देशों में पांचवें स्थान पर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत 2040 तक चंद्रमा पर मानव भेजने के अपने मिशन में सफल होगा। उन्होंने यह भी कहा कि रूस के असफल चंद्र मिशन की लागत 16,000 करोड़ रुपये से अधिक थी जबकि भारत के सफल चंद्रयान मिशन की लागत केवल 600 करोड़ रुपये थी।

लोगों को एक-दूसरे की राय के प्रति सहिष्णुता रखनी चाहिए: न्यायमूर्ति कौल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शुक्रवार को कहा कि ऐसे समय में जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहिष्णुता का स्तर कम हो गया है, लोगों को एक-दूसरे की राय के प्रति सहिष्णुता रखनी चाहिए।

न्यायमूर्ति कौल ने अपने आखिरी कार्य दिवस पर कहा कि एक न्यायाधीश की निर्भीकता एक बहुत महत्वपूर्ण कारक है और बार का यह कर्तव्य है कि वह न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करे। शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में छह साल और 10 महीने से अधिक के कार्यकाल के बाद 25 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे न्यायमूर्ति कौल उस 'रस्मी पीठ' का हिस्सा थे, जो उन्हें विदाई देने के लिए एकत्र हुई थी। उच्चतम न्यायालय में 18 दिसंबर से एक जनवरी, 2024 तक शीतकालीन अवकाश रहेगा, ऐसे में न्यायमूर्ति कौल का आज अंतिम कार्यदिवस है। 'रस्मी पीठ' का नेतृत्व कर रहे प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति कौल के साथ अपने जुड़ाव को याद किया।

महाराष्ट्र में हाल में 50,000 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नागपुर/भाषा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य पुलिस ने हाल में लगभग 50,000 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। फडणवीस ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) विधायक रवींद्र वायकर के एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। वायकर मुंबई के जोगेश्वरी पूर्व क्षेत्र से विधायक हैं।

फडणवीस ने कहा, 'पुलिस ने हाल में 50,000 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। पुलिस ने मादक पदार्थ की समस्या पर काबू के लिए मुंबई में 2,200 छोटी दुकानों पर नजर रखी जिनके माध्यम से मादक पदार्थ बेचा जा रहा था। उन दुकानों को बंद करवा दिया गया है।'

हालांकि, उपमुख्यमंत्री ने उस अवधि के बारे में नहीं बताया, जिस दौरान मादक पदार्थ जब्त किए गए। फडणवीस ने कहा,राज्य सरकार आयात किए जा रहे रसायनों पर नजर रख रही है जिनका उपयोग मादक पदार्थ बनाने के लिए किया जा सकता है। हमने यह भी पाया है कि बंद कारखानों का उपयोग मादक पदार्थों के उत्पादन के लिए किया जा रहा है।' मुंबई पुलिस द्वारा 300 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ की बरामदगी के बाद, विपक्ष और सत्ता पक्ष ने मुख्य आरोपी ललित पाटिल को लेकर एक-दूसरे पर निशाना साधा है।

रेल विकास कौशल योजना के तहत कुशल युवाओं को रेलवे की नौकरियों में प्राथमिकता नहीं: वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रेल मंत्री ने कहा कि यह योजना सितंबर 2021 में शुरू की गई थी और इसके तहत नवंबर 2023 तक 26,791 उम्मीदवारों ने पूरा कर लिया है अपना प्रशिक्षण

नई दिल्ली/भाषा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को बताया कि 'रेल कौशल विकास योजना' के तहत नवंबर 2023 तक कुशल हो चुके 26,000 से अधिक उम्मीदवारों को भारतीय रेलवे की नौकरियों में कोई प्राथमिकता नहीं दी जाएगी।

वैष्णव ने कहा कि यह योजना सितंबर 2021 में शुरू की गई थी और इसके तहत नवंबर 2023 तक 26,791 उम्मीदवारों ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य नारायण कोरगप्पा की ओर से पूछे गए एक सवाल के जवाब में रेल मंत्री ने उक्त जानकारी दी।

उनसे पूछा गया था कि क्या रेलवे में रोजगार के लिए उपरोक्त प्रशिक्षित युवाओं को कोई प्राथमिकता दी जाती है?

जवाब में वैष्णव ने कहा, ''नहीं, सर। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसी व्यक्ति के कौशल को बढ़ाना है ताकि वह नौकरी प्राप्त कर सके या अपना स्टार्ट-अप या उद्यमिता शुरू कर सके।'' उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे ने 18 से 35 वर्ष के आयु वर्ग के उम्मीदवारों को सशक्त बनाने के लिए 'रेल कौशल विकास योजना' शुरू की है, जिसमें उन्हें विभिन्न प्रशिक्षण स्थानों पर प्रासंगिक तकनीकी विधाओं (ट्रेड) में प्रवेश स्तर का कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा, ''सफल उम्मीदवारों को आवंटित ट्रेड में कौशल विकास प्रशिक्षण पूरा करने के लिए प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाता है। विभिन्न व्यवसायों में बेरोजगार युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देने का उद्देश्य उनकी रोजगार क्षमता और उद्यमिता को बढ़ाना है।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह योजना 'प्रशिक्षित उम्मीदवारों को रोजगार या स्व-रोजगार प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाएगी'। वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे उम्मीदवारों के राज्यवार आंकड़े नहीं रखता है।

स्वर्ण बॉन्ड का मूल्य 6,199 रुपये प्रति ग्राम, सोमवार से कर सकेंगे आवेदन

मुंबई/भाषा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि सरकारी स्वर्ण बॉन्ड की अगली किस्त के लिए निर्गम मूल्य 6,199 रुपये प्रति ग्राम तय किया गया है। निर्गम 18 दिसंबर से पांच दिनों के लिए खुलेगा। सरकारी स्वर्ण बांड (एसजीबी) योजना 2023-24 शृंखला-3 निवेश के लिए 18-22 दिसंबर, 2023 के दौरान खुली रहेगी। एसजीबी को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (छोटे वित्त बैंकों, भुगतान बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर), भारतीय शेयर होल्डिंग निगम लिमिटेड (एसएचसीआईएल), भारतीय निपटान निगम लिमिटेड (सीसीआईएल), नामित डाकघरों, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से बेचा जाएगा।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि 999 शुद्धता वाले सोने के बॉन्ड का मूल्य 6,199 रुपये प्रति ग्राम है। केंद्र सरकार ने ऑनलाइन आवेदन करने और डिजिटल माध्यम से भुगतान करने वाले निवेशकों को अंकित मूल्य से 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट देने का फैसला किया है। इसके बाद स्वर्ण बॉन्ड की अगली शृंखला 12-16 फरवरी के लिए निर्धारित है। केंद्रीय बैंक दरअसल भारत सरकार की तरफ से बॉन्ड जारी करता है। ये निवासी व्यक्तियों, अविभाजित हिंदू परिवार (एचयूएफ), न्यासों, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थाओं को ही बेचे जा सकते है।

मप्र में बुलडोजर: भोपाल में 3 आरोपियों के घर और उज्जैन में 10 मीट की दुकानें तोड़ी गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भोपाल/उज्जैन/भाषा। मध्य प्रदेश प्रशासन ने उज्जैन में अवैध रूप से मांस बेचने वाली दस दुकानों और भाजपा पदाधिकारी पर हमले में कथित तौर पर शामिल तीन लोगों के भोपाल स्थित घरों पर बुलडोजर चला दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा अधिकारियों को खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने के लिए कहने के बाद उज्जैन में यह कार्रवाई की गई। एक अधिकारी ने कहा कि दिन के दौरान उज्जैन के नागझिरी इलाके में दुकानें ध्वस्त कर दी गईं। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के ऐसे प्रतिष्ठान चलाने वाले सभी लोगों को शटर बंद करने या कार्रवाई का सामना करने के लिए कहा गया है।

एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि भोपाल में, फारूख राइन, बिलाल और असलम के घर ध्वस्त कर दिए गए।

राइन भोपाल मध्य सीट के विधानसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद भाजपा पदाधिकारी देवेन्द्र ठाकुर पर हमले से जुड़े मामले में मुख्य आरोपी है। भोपाल मध्य सीट कांग्रेस के आरिफ मसूद ने जीती है। अधिकारी ने कहा कि राईन और कुछ अन्य लोगों ने कथित तौर पर तलवार से ठाकुर की हथेली काट दी।

उनके अनुसार इस मामले में राइन को चार अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था और उन पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया था।

अधिकारी ने बताया कि उसके खिलाफ सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून सहित कुल 14 मामले हैं। उन्होंने बताया कि राईन का नाम भोपाल के हबीबगंज पुलिस स्टेशन की 'गुंडा सूची' में भी है। उन्होंने कहा कि राईन, बिलाल और असलम के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया क्योंकि वे अवैध रूप से अतिक्रमित भूमि पर बनाए गए थे।

रक्षा मंत्रालय ने बीईएल के साथ 5,300 करोड़ रु. से अधिक का करार किया

नई दिल्ली/भाषा। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के वास्ते 10 साल की अवधि के लिए इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज की खरीद के लिहाज से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (बीईएल) के साथ शुक्रवार को 5,300 करोड़ रुपये से अधिक का करार किया। इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज मध्यम से भारी कैलिबर वाली तोपों का एक अभिन्न पुर्जा है। मंत्रालय ने कहा कि तोपों के इस्तेमाल के लिए फ्यूज की खरीद की जा रही है। उसने कहा कि ये तोप उत्तरी सीमाओं पर ऊंचाई वाले इलाकों समेत विभिन्न तरह के भूभाग में घातक वार करने में सक्षम हैं। उसने कहा कि परियोजना का उद्देश्य निर्यात को कम करने के लिए गोला-बारूद का भंडार बढ़ाना है।

उसने कहा, ''रक्षा मंत्रालय ने 15 दिसंबर को 10 साल की अवधि के लिए भारतीय सेना के वास्ते इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज की खरीद के लिहाज से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, पुणे के साथ ऐतिहासिक समझौते पर दस्तखत किए।''

वेनेजुएला तेल की बाजार में वापसी का स्वागत : पुरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि वेनेजुएला पर लगाए गए प्रतिबंधों में ढील के बाद इस लातिन अमेरिकी देश की तेल बाजार में वापसी का भारत स्वागत करता है।

पुरी ने कहा कि देश में कुछ रिफाइनरी कंपनियों के पास लातिन अमेरिकी देश में उत्पादित भारी कच्चे तेल को संसाधित करने की क्षमता है। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि क्या भारत ने वेनेजुएला से खरीदारी फिर से शुरू कर दी है।

भारत ने आखिरी बार 2020 में वेनेजुएला से कच्चे तेल का आयात किया था। अमेरिकी वित्त विभाग ने अक्टूबर में वेनेजुएला के तेल और गैस क्षेत्र पर प्रतिबंध आंशिक रूप से हटा दिया था। देश के तेल और गैस क्षेत्र में लेनदेन को अधिकृत करने के लिए छह महीने का लाइसेंस दिया गया है। इस लाइसेंस का नवीनीकरण तभी किया जाएगा, जब वेनेजुएला अगले साल के राष्ट्रपति चुनाव में निष्पक्ष मतदान की प्रतिबद्धताओं को पूरा करेगा।

पुरी ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'हमने हमेशा वेनेजुएला से सामान खरीदा है। जब वेनेजुएला पर प्रतिबंध लगा, उसके बाद वे आपूर्ति करने की स्थिति में नहीं थे।' उन्होंने कहा कि ओडिशा में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की पारादीप रिफाइनरी सहित कई रिफाइनरियां वेनेजुएला के कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में संसाधित करने में सक्षम हैं।

देश की आधी आबादी आगामी कुछ दशकों में शहरों में रहेंगी : केंद्रीय मंत्री किशोर

गांधीनगर/भाषा। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने शुक्रवार को कहा कि भारत में तेजी से हो रहे शहरीकरण से अगले कुछ दशकों में देश की लगभग आधी आबादी शहरों में रहने लगेगी।

किशोर ने 'वाइब्रेंट गुजरात समिट' कार्यक्रम से पहले 'लिवेबल सिटीज ऑफ टूमॉरो' में अपने संबोधन में यह टिप्पणियां की। यह कार्यक्रम गांधीनगर में महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में शुरू हुआ। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भविष्य में लोगों के शहरों की ओर जाने को ध्यान में रखते हुए शहर के निवासियों के कल्याण के वास्ते कई योजनाएं शुरू की हैं।

उन्होंने कहा, ''पहले हमारी 20 प्रतिशत आबादी शहरों में रहती थी जबकि 80 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती थी। अब शहरी आबादी 30 प्रतिशत है जबकि ग्रामीण इलाकों में 70 प्रतिशत लोग रहे हैं। आज, हम ऐसी प्रवृत्ति देख रहे हैं जिसमें लोग शहर (जहां वे काम करते हैं) में एक मकान खरीदना चाहते हैं और गांव में भी मकान चाहते थे।''

किशोर ने कहा, ''जिस तरह से शहरों का विकास किया जा रहा है और शहरीकरण देश में रफ्तार पकड़ रहा है, उसे देखते हुए हमें अगले कुछ दशकों में शहरी और ग्रामीण आबादी का अनुपात 50:50 होने की उम्मीद है जिसका मतलब है कि लगभग आधी आबादी शहरों में रहेगी। इसे देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने शहर के निवासियों के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की है।''

इस मौके पर गुजरात के मुख्य सचिव राज कुमार ने दर्शकों को बताया कि सूरत के समीप 'ड्रीम सिटी' का विकास स्मार्ट सिटी के तौर पर किया जा रहा है जिसमें करीब पांच लाख लोग रहेंगे और हीरा, कपड़ा तथा आतिथ्य सत्कार जैसे क्षेत्रों में करीब दो लाख नौकरियां पैदा होंगी।

केरल: सास पर हमला करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

कोल्लम (केरल)/भाषा। केरल के कोल्लम जिले में वृद्ध सास की बेरहमी से पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी मंजू थॉमस को बृहस्पतिवार को हिरासत में ले लिया गया और उसकी गिरफ्तारी दर्ज की गई।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तेवलक्करा की निवासी मंजू पर माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण और कल्याण अधिनियम की धारा 24 और भारतीय दंड संहिता की धारा 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सोशल मीडिया पर आए वीडियो में दिख रहा है कि पीड़िता 80 वर्षीय एलियाम्मा थॉमस एक कमरे में प्रवेश कर रही है, जहां मंजू और दो बच्चे बैठे हैं। वीडियो में मंजू सास को धक्का देते हुए दिख रही है। पुलिस ने कहा, ''वह (आरोपी महिला) कुछ समय से वृद्ध महिला पर कथित तौर परअत्याचार कर रही थी।'' आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

संसद की सुरक्षा में चूक का मामला: जूते के सोल में छिपाकर धुआं फैलाने वाला 'केन' लेकर आए थे आरोपी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। लोकसभा कक्ष में 'केन' से धुआं फैलाने वाले दो युवक अपने जूतों के बाएं सोल को काटकर बनाई गई जगह में रखकर इन्हें (केन) लाए थे। दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी में यह बात कही गई है।

मनोरंजन डी और सागर शर्मा नाम के ये युवक लोकसभा में जिन पर्चों को लेकर आए थे, उनमें तिरंगे की पृष्ठभूमि में मुट्ठी की तस्वीर थी और मणिपुर की हिंसा पर हिंदी और अंग्रेजी में एक-एक नारा लिखा था। संसद पर 2001 में किए गए आतंकी हमले की बरसी के दिन बुधवार को, सुरक्षा में चूक की बड़ी घटना उस वक्त हुई, जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए और 'केन' के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया। घटना के तत्काल बाद दोनों को सांसदों ने पकड़ लिया। लगभग उसी समय संसद भवन के बाहर अमोल शिंदे और नीलम देवी ने 'केन' से लाल और पीले रंग का धुआं फैलाते हुए ''तानाशाही नहीं चलेगी' जैसे नारे लगाए।

पुलिस ने चारों के खिलाफ विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत आरोप दर्ज किए हैं। प्राथमिकी के अनुसार, संसद भवन के अंदर और बाहर खोली गई धुएं की केन पर चेतावनी और निर्देश लिखे थे कि ''खोलते समय चश्मे और दस्तानों का इस्तेमाल किया जाए।'' प्राथमिकी में लिखा गया है कि सागर शर्मा के एलसीआर के बने स्लेटी (ग्रे) रंग के जूते के बाएं सोल को काटकर जगह बनाई गई थी और सोल की मोटाई एक अतिरिक्त रबर लगाकर बढ़ाई गई। इसमें कहा गया कि मनोरंजन के भी बाएं जूते के सोल में भी इसी तरह जगह बनाई गई थी। पुलिस ने कहा कि दाएं जूते का सोल भी आंशिक रूप से कटा मिला है। पुलिस ने एक पुलिसकर्मी की शिकायत पर संसद मार्ग थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में कहा गया, ''मैं संसद मार्ग थाना के कार्यवाहक एसएचओ निरीक्षक विनय और अन्य कर्मचारियों के साथ नए संसद भवन के सुरक्षा निदेशक के कार्यालय पहुंचा, जहां ओंकार सिंह, उप निदेशक (एस) लोकसभा मौजूद थे।'' प्राथमिकी के अनुसार, ''उन्होंने उपरोक्त लोगों सागर शर्मा और मनोरंजन डी के नाम के साथ शिकायत मुझे सौंपी। उन्होंने दोनों आरोपियों के जूते और उनके आधार कार्ड भी सौंपे।'' पुलिस ने कहा कि दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और नीलम को चार इस्तेमाल की हुई रंगीन धुएं की केन के साथ पकड़ा गया था। उनके पास एक केन बिना इस्तेमाल की हुई भी थी। पुलिस ने बताया कि इन केन पर उपयोगकर्ताओं के लिये चेतावनी थी कि वे इसका इस्तेमाल करते वक्त चश्मा और दस्ताने पहनें और इसका बंद कमरे या बंद जगह पर कभी उपयोग नहीं करें।

बेलगावी शीतकालीन सत्र

66 घंटे 10 मिनट तक चला 16वीं विधानसभा का द्वितीय सत्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सुवर्ण विधान सौधा/बेलगावी। कर्नाटक के रूप में जाने जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने की पृष्ठ भूमि में राज्य में कर्नाटक उत्सव की धूम मच गई है। वहीं बेलगावी विधानसभा सत्र की कार्यवाही विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी। 16वीं विधानमंडल का दूसरा सत्र बेलगावी के सुवर्ण विधान सौधा में 4 दिसम्बर को शुरु हुआ था और 15 दिसम्बर को यह पूर्ण हुआ। कुल 10 दिन तक चले इस सत्र में 66 घंटे और 10 मिनट तक गतिविधियां चली।

सभा में दिवंगत हुए गणमान्य व्यक्तियों के लिए शोक प्रस्ताव पेश किया गया और उसे पारित किया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल द्वारा विधेयकों पर सहमति के संबंध में सचिव का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वर्ष 2023-24 के लिए अनुपूरक अनुमान की पहली किस्त 11 दिसम्बर को प्रस्तुत की गई और 13 दिसम्बर को इस पर मतदान कर अंगीकार किया गया। वर्ष 2023-24 के लिए राज्य वित्त की मध्यवार्षिक समीक्षा रिपोर्ट 14 दिसम्बर को प्रस्तुत की गई। सत्र में विनियोग विधेयक सहित कुल 17 विधेयक प्रस्तुत एवं पारित किये गये।

राज्य के 04 हवाई अड्डों का नाम ऐतिहासिक व्यक्तियों के नाम पर रखने की केंद्र सरकार से सिफारिश करने वाला एक आधिकारिक संकल्प और बेलगाम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आगमन की शताब्दी के उपलक्ष्य में एक स्मारक के निर्माण के संबंध में एक निजी सदस्य का संकल्प 14 दिसम्बर को सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। नियम 60 के अंतर्गत जारी 04 निर्देशों में से 03 निर्देशों को नियम 69 में परिवर्तित कर दिया गया है तथा नियम 69 के अंतर्गत कुल 05 निर्देशों पर चर्चा की गयी है।

वर्ष 2023-24 के लिए कर्नाटक विधानमंडल की अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति की पहली और अंतरिम रिपोर्ट और सार्वजनिक उद्यमों पर समिति की एक सौ छत्तीसवीं रिपोर्ट, निजी उद्यमों पर समिति की पहली रिपोर्ट, वर्ष 2023-24 के लिए कर्नाटक विधान सभा के सदस्यों के विधेयक और संकल्प सदन में प्रस्तुत किए गए। कुल 09 अधिसूचनाएं, 03 अध्यादेश और 61 वार्षिक रिपोर्ट, 105 ऑडिट रिपोर्ट और 01 ऑडिट रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत की गईं।

राज्य पुस्तकालय प्राधिकरण में चार सदस्यों को नामित करने के लिए सभा अध्यक्ष को 15 दिसम्बर को अधिकृत किया गया। सदन में उत्तर कर्नाटक के विकास पर विशेष चर्चा हुई, कुल 42 सदस्यों ने 11 घंटे 04 मिनट तक चर्चा की। 18 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 3038 प्रश्न प्राप्त हुए तथा 2206 लिखित प्रश्नों में से 2010 प्रश्नों के उत्तर दिये गये। सदन में उत्तर दिये जाने वाले 150 प्रश्नों में से 148 प्रश्नों के उत्तर दिये गए। नियम 351 के अंतर्गत 200 सूचनाएं प्राप्त हुईं तथा 110 सूचनाओं के उत्तर प्राप्त हुए।174 ध्यानाकर्षक अनुदेशों में से 140 अनुदेशों पर चर्चा/प्रस्तुति दी गई। कुल 197 नोटिसों का जवाब दिया गया। शून्यकाल में कुल 31 निर्देशों पर चर्चा हुई। वहीं विधान परिषद के दस दिवसीय सत्र में कल 57 घंटे तक चला जिसमें लगभग साढे चार घंटे धरना प्रदर्शन में निकल गया। सदन में दिवगंत गणमान्यों को संवेदना व्यक्त की गई।

कर्नाटक सरकार पिछड़े तालुकों की स्थिति का अध्ययन करने के लिए समिति गठित करेगी : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शुक्रवार को ऐलान किया कि प्रदेश के पिछड़े तालुकों की स्थिति का अध्ययन करने के लिए एक प्रख्यात अर्थशास्त्री की अध्यक्षता में सरकार एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करेगी। कर्नाटक विधानसभा में उत्तर कर्नाटक के विकास पर चर्चा करते हुये मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा, प्रदेश के एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री की अध्यक्षता में मैं एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करने जा रहा हूं। प्रदेश के विजयपुरा से भाजपा विधायक, बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने इस फैसले का स्वागत किया, लेकिन मुख्यमंत्री से रिपोर्ट पेश करने के लिए समय सीमा निर्धारित करने के लिए कहा। इसके

जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समिति को छह महीने के भीतर रिपोर्ट पेश करने के लिये कहा जाय`गा। सिद्दरामैया ने कहा कि प्रख्यात अर्थशास्त्री डी एम नंजुनदप्पा ने 2002-03 में 114 पिछड़े तालुकों को 31 हजार करोड़ रुपये आवंटित किये जाने की सिफारिश की थी। इसमें कहा गया था कि इन तालुकों को आठ वर्षों के लिए विशेष अनुदान के रूप में प्रति वर्ष 2,000 करोड़ रुपये दिए जाने चाहिए जबकि अन्य तालुकों के साथ असमानता को समाप्त करने के लिए शेष 15,000 करोड़ रुपये राज्य के बजट से जुटाए जाने चाहिए । उन्होंने कहा, लेकिन यह सिफ़ारिश 2007-08 में लागू हुई थी। मुख्यमंत्री ने अफसोस जताया कि 2014-15 के अंत तक इन तालुकों पर 31,000 करोड़ रुपये की राशि खर्च नहीं की जा सकी।

बेलगावी की घटना को लेकर आज राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई बेलगावी में एक महिला से मारपीट और उसे निर्वस्त्र अवस्था में घुमाने की घटना को लेकर शनिवार को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस घटना के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि आठ अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है। बताया जा रहा है कि महिला का बेटा 11 दिसंबर को उसी के समुदाय की एक लड़की के साथ गायब हो गया था जिसके बाद महिला को बेलगावी के वांतामुरी गांव में एक खंभे से बांधा गया।

अनुसूचित जाति की महिला को निर्वस्त्र कर खंभे से बांध कर पिटाई करना निंदनीय एवं निंदनीय है। ये दलितों पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री की आलोचना हुई कि उन्होंने पीड़िता को नहीं देखा। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि यह तुगलकी दरबार है और राज्य सरकार आंखें मूंदे हुए है। कल हम प्रदेश के सभी जिला केंद्रों पर बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। महिलाओं को अविलंब न्याय मिले; उन्होंने मुआवजे की मांग की। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी लेने और पीड़िता से मिलने के लिए कल दिल्ली से 4 सांसद और मंत्री यहां आएंगे।

विजयेंद्र ने यहां पत्रकारों से कहा कि आठ आरोपी अब भी फरार हैं, लिहाजा राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मुख्यमंत्री अभी तक पीड़िता से मिलने अस्पताल नहीं गए। विजयेंद्र ने आरोप लगाया, बेलगावी में विधानमंडल का सत्र जारी है और पूरी सरकार यहां डेरा डाले हुए है, ऐसे में इस तरह की घटना होना यह दर्शाता है कि अपराधियों के मन में सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों का कोई खौफ नहीं है।

विजयेंद्र ने कहा, कल हम सभी जिलों और तालुका मुख्यालयों में राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन करेंगे, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं हिस्सा लेंगी।

बेलगावी की घटना को लेकर कर्नाटक के भाजपा सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

बेंगलूरु/नई दिल्ली। कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों ने बेलगावी में एक महिला को निर्वस्त्र घुमाए जाने की घटना के खिलाफ शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया।

भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सदानंद गौड़ा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, कर्नाटक में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। एक दलित महिला को बिना किसी कारण के निर्वस्त्र कर दिया गया और एक जुलूस निकाला गया, उसे बिजली के खंभे से बांध दिया गया और पीटा गया... कर्नाटक कांग्रेस सरकार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को सुरक्षा नहीं देती है।

राज्यसभा में नेता सदन पीयूष गोयल ने इस मामले को उच्च सदन में उठाने की कोशिश की तो वही भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि यह मामला इस तरह के अपराधों से निपटने में कांग्रेस की सरकारों के गैरजिम्मेदाराना व्यवहार' को भी उजागर करता है। नड्डा ने इस घटना की विस्तार से जानकारी हासिल करने और केंद्रीय नेतृत्व को इसकी रिपोर्ट सौंपने के लिए पांच सदस्यीय एक तथ्यान्वेषी दल का भी गठन किया। इस दल में पार्टी की चार महिला सांसद अपराजिता सारंगी, सुनीता दुग्गल, लॉकेट चटर्जी, रंजीता कोली और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा शामिल हैं।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने की गैंग रेप की शिकायत

बेंगलूरु। एक विचित्र घटना में, बेंगलूरु की एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर शहर के एक पब में जाने के बाद एक अजनबी के घर पर जागी। इसके बाद उसने सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटना मंगलवार को हुई, जब युवती शहर के कोरमंगला इलाके में पब में गई थी। सूत्रों ने बताया कि उसे बस इतना याद है कि वह बेहोश हो गई थी और अगली सुबह एक अजनबी के घर जागी थी। उसका दावा है कि उसे आड्डुगोडी के पास देवेगौड़ा लेआउट में ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि जब वह जागी, तो मदद के लिए नजदीकी घर का दरवाजा खटखटाने में कामयाब रही। घर के निवासियों ने पुलिस हेल्पलाइन पर फोन किया और औड्डुगोडी पुलिस मौके पर पहुंची और उसे बचाया।

कर्नाटक सरकार एससी-एसटी छात्रावासों में कर्मचारियों की नियुक्ति पर अदालत को स्थिति रिपोर्ट सौपेंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राज्य सरकार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया है कि आवश्यक कदम उठाने के बाद कुछ जिलों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) छात्रावासों में कर्मचारियों की नियुक्ति पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

दरअसल एक मराठी अखबार में सात दिसंबर को एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी जिसमें कहा गया था कि विशेष दिशानिर्देशों के बावजूद इन छात्रावासों में कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की गई है।

खबर में कहा गया था कि कुछ स्थानों पर एक ही वार्डन तीन या चार सरकारी छात्रावासों के प्रभारी की भूमिका निभा रहा है। मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की खंडपीठ ने मीडिया में आई खबरों का स्वत: संज्ञान लेते हुए बृहस्पतिवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। इसके अलावा, अदालत ने मामले में वकील नितिन रमेश को न्याय मित्र नियुक्त करने का निर्देश दिया तथा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार को मामले से संबंधित सभी प्रासंगिक दस्तावेजों को जांच के लिए स्थानांतरित करने का आदेश दिया।

अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि कर्मचारियों की कमी से छात्रों की शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा में उनका प्रदर्शन खराब हुआ है। मामले की अगली सुनवाई शीतकालीन अवकाश के बाद होगी।

बस में लगी आग, यात्री सुरक्षित

विजयपुरा। कर्नाटक में बेंगलूरु से विजयपुरा आ रही बस में शुक्रवार को सुबह आग लग गई लेकिन यात्री समय रहते बस से उतर गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना विजयपुरा के बाहरी इलाके हिट्टनहल्ली गांव में हुई जिसमें बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस ने बताया कि चालक ने बस में धुआं देखा जिसके बाद सभी यात्री अपना सामान छोड़कर बस से नीचे उतर गए। बस देखते ही देखते आग की लपटों से घिर गई। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

कर्नाटक कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र, भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर मैसूरु-कोडगु सीट से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सिम्हा ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में आरोपियों को पास मुहैया कराया था।

कांग्रेस प्रवक्ता और पूर्व एमएलसी रमेश बाबू द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है कि माननीय अध्यक्ष लोकसभा के प्रमुख और उसके प्रतिनिधि हैं। अध्यक्ष लोकसभा का संरक्षक होता है और वह सदस्यों की शक्तियों और विशेषाधिकारों का संरक्षक होता है। भारत की संसद को आम जनता और लोकतंत्र का संरक्षक माना जाता है। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में अध्यक्ष को सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होती है। इस बीच कानून-व्यवस्था बनाए रखना केंद्र सरकार का कर्तव्य है। अगर केंद्र सरकार संसद को सुरक्षित नहीं रख सकती, तो वे देश और लोगों को सुरक्षित नहीं रख सकते।

मैसूरु-कोडगु लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा ने लोकसभा में प्रवेश करने और सुरक्षा उल्लंघन करने वाले आरोपियों को पास प्रदान किए हैं। ऐसा लगता है कि प्रताप सिम्हा ने पिछले मौकों पर भी इन्हीं आरोपियों को पास प्रदान किए थे।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चर्च विस्फोट मामले के दोषी को पैरोल दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गिरजाघर विस्फोट मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे एक दोषी को दो सप्ताह की पैरोल दी है। मोहम्मद अखिल जुलाई 2000 के बेंगलुरु गिरजाघर विस्फोट मामले के दोषियों में से एक है। दीनदार अंजुमन संप्रदाय से जुड़े 24 आरोपियों को कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गोवा में हुए विस्फोटों का दोषी पाया गया था। अखिल, उम्रकैद की सजा पाने वाले 13 दोषियों में से एक है।

अखिल की पत्नी मुबीन उन्नीसा बेगम ने एक याचिका दायर की थी, जिस पर न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने सुनवाई की। अदालत ने अपने हालिया आदेश में कहा, दोषी, आज तक बिना किसी छूट के 23 साल की कैद काट चुका है और पूरे 23 वर्षों में उसे पैरोल नहीं मिली है। दोषी की पत्नी अब इस अदालत में अपने पति के लिए पैरोल की मांग कर रही है, वह बीमार है और इसलिए अनुरोध करती है कि परिवार में उसके पति की उपस्थिति आवश्यक है क्योंकि परिवार के अन्य सदस्य भी वृद्ध हैं और विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि जुलाई 2023 में मामले के एक अन्य दोषी को समन्वय पीठ ने पैरोल दी थी क्योंकि दोषी की मां बीमार थी।

समन्वय पीठ ने 1974 के एक मामले के आधार पर अपना फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि अदालत को समान मामलों में एक जैसा व्यवहार करना चाहिए और यदि किसी वादी को राहत दी जाती है, तो इसे समान परिस्थिति वाले वादियों तक भी बढ़ाया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने अखिल को सात दिसंबर से 20 दिसंबर 2023 की शाम तक दो सप्ताह के लिए पैरोल पर रिहा करने की अनुमति दी। अखिल को राजद्रोह के लिए भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था।

शिवकुमार के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी वापस लेने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई स्थगित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी वापस लेने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को पांच जनवरी के लिए स्थगित कर दी। महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि याचिका में कई अन्य निर्णयों का हवाला दिया गया है। उन्होंने कहा कि उचित प्रतिक्रिया देने के लिए उनका अध्ययन करने की आवश्यकता है और इसलिए अधिक समय दिया जाए।

न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की पीठ ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया और सुनवाई स्थगित कर दी। याचिका भाजपा नेता और विधायक बसनगौड़ा पाटिल यत्नाल ने दायर की है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सवाल किया कि सरकार की कार्रवाई से याचिकाकर्ता कैसे प्रभावित हुआ है और याचिका की जगह जनहित याचिका क्यों नहीं दायर की गयी।

यतनाल के अधिवक्ता वेंकटेश दलवई ने तर्क दिया कि हालांकि कोई व्यक्तिगत क्षति नहीं हुई है, लेकिन कोई भी व्यक्ति आपराधिक कार्यवाही शुरू कर सकता है। अदालत ने इस तर्क को स्वीकार कर लिया । आयकर विभाग की छापेमारी और प्रवर्तन निदेशालय की जांच के आधार पर, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने डी के शिवकुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए राज्य सरकार से मंजूरी मांगी, जो 25 सितंबर 2019 को दे दी गई थी। सरकार बदलने के बाद, 28 नवंबर 2023 को यह मंजूरी वापस ले ली गई। अनुमति वापस लेने के सरकार के 28 नवंबर के आदेश को अवैध' करार देते हुए यतनाल ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

घर पर मृत पाया गया डीआरडीओ कर्मचारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मंगलूरु के पास कल्लारपे गांव में 24 वर्षीय डीआरडीओ कर्मचारी अपने आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान कल्लारपे गांव के निवासी भरत कल्लारपे के रूप में की गई। आरोप है कि उसने बुधवार देर रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिवार ने बताया कि कल्लारपे दो महीने पहले अस्थायी आधार पर डीआरडीओ हैदराबाद इकाई में शामिल हुआ था। एक सप्ताह पहले ही वह अपने पैतृक गांव लौटा था। कल्लारपे ने इस्तीफा दिया था, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया था। पीड़ित को गुरुवार को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) से फोन आया और अगले दिन उसे फांसी पर लटका हुआ पाया गया। पुत्तूर ग्रामीण पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कर्नाटक में एफडीआई में 46 प्रतिशत की गिरावट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्टार्ट-अप के लिए फंडिंग में कमी और गिरावट के कारण कर्नाटक में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 46 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जो 2022-23 की पहली छमाही में 5.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से घटकर चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में लगभग 2.8 बिलियन हो गया। गुरुवार को विधानसभा में पेश राज्य वित्त की मध्य-वर्ष समीक्षा में कहा गया कि आईटी/सॉफ्टवेयर क्षेत्र में एफडीआई प्रवाह कर्नाटक में स्टार्टअप्स के लिए फंडिंग में भारी गिरावट देखी गई है, खासकर बेंगलूरु में ऐसा देखा गया।

कर्नाटक, भारत का आईटी केंद्र है और अधिकांश वैश्विक आईटी कंपनियों का मुख्यालय बेंगलूरु में है, जो राज्य के लिए प्रभाव को बढ़ाता है। समीक्षा में वैश्विक आर्थिक परिदृश्य का विश्लेषण करते हुए कहा गया है कि मौद्रिक नीति सख्त होने से समग्र मांग में कमी आई है जिसके परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट आई है।

चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष और इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच युद्ध छिड़ने के कारण, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और व्यापार दृष्टिकोण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

रेल विकास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
Rail Vikas Nigam Limited
(A Government of India Enterprise)

प्रपत्र 10-01
भारतीय रेल्वे
सार्वजानिक अधिसूचना

भारतीय रेल्वे के अंतर्गत निम्नलिखित खंडों पर पूर्ण हो चुके 25 किलो वोल्ट 50 एचजेड एसी के परिसर में स्थित और रेल्वे लाइन के सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सूचना दी जा रही है कि खंड के सिरोपरी कर्षण तार निर्धारित तिथि या उसके बाद से सक्रिय हो जाएँगे । उस समय या उस तिथि से सिरोपरी कर्षण लाइन पूरे समय के लिये सक्रिय हो जाएंगे और बताए गए सिरोपरी लाइन के पास कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति न पास जाये या कोई कार्य नहीं करे ।

खंड	दिनांक	जोन
तोरणगल्लू (टीएनजीएल) से जिंदल स्टील वर्क्स साइडिंग (जे एस डब्ल्यू) तोरणगल्लू (टीएनजीएल) से भारत मैन्स और मिनरल्स साइडिंग (बी एम एम)	23.12.2023	दक्षिण पश्चिम रेल्वे

प्रपत्र 10-02
भारतीय रेल्वे
एसी 25 केवी कर्षण का जारी होना
सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी

नागरिकों की जानकारी के लिये यह सूचना दी जाती है कि भारतीय रेल्वे के निम्नलिखित खंडों पर 25 किलो वोल्ट एसी विद्युतीय कर्षण की शुरूआत दी गई तिथि के दिन से होगी, इसलिए जानकारी में लाया जाता है कि सभी समपार फाटक की सड़क के पास हाइट गेज की स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई 4.78 मीटर खडा किया गया है, भार की ऊंचाई इससे अधिक होने की स्थिति में सक्रिय कर्षण तारों की चपेट में आने से नुकसान हो सकता है । (संपर्क तार), जो रेल क्रॉसिंग के स्तर पर न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊंचाई पर होगा ।

खंड	दिनांक	जोन
तोरणगल्लू (टीएनजीएल) से जिंदल स्टील वर्क्स साइडिंग (जे एस डब्ल्यू) तोरणगल्लू (टीएनजीएल) से भारत मैन्स और मिनरल्स साइडिंग (बी एम एम)	23.12.2023	दक्षिण पश्चिम रेल्वे

नागरिकों को सूचित किया जाता है कि वाहन पर लोडिंग की सीमा निर्धारित ऊँचाई से अधिक न होने का ध्यान रखें और देखें कि सडक पर चलने वाले वाहनों पर किया गया भार निर्धारित हाईट गेज ऊँचाई का उल्लंघन नहीं कर रहा हो ।
अधिक ऊँचाई के लोड होने पर निम्नलिखित नुकसान हो सकते हैं :
i) अधिक ऊँचाई के फलस्वरूप सडक सहित रेल्वे लाइन पर रूकावट का खतरा पैदा होगा,
ii) वाहनों सहित उस पर लगी सामग्रियों या उपकरण के लिये खतरनाक होगा,
iii) आग लगने का खतरा होगा और जान-माल के नुकसान की संभावना होगी या तारों के लिये खतरा होगा ।

स्थान : बेंगलूरु
दिनांक : 16.12.2023
महाप्रबंधक (विद्युत)
रेल विकास निगम लिमिटेड, बेंगलूरु
ग्राहकों की सेवा मुस्कान के साथ

भजनलाल शर्मा ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा उपमुख्यमंत्री बने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पहली बार के विधायक भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को यहां राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। यहां ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल मिश्र ने दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। कुमारी और बैरवा को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े शर्मा को 12 दिसंबर को भाजपा विधायक दल की बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया था। शर्मा (57) का आज जन्मदिन है। मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने हिन्दी में शपथ ली। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद थे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा वसुंधरा राजे भी समारोह में शामिल हुए।

समारोह के लिए राजधानी के मुख्य मार्गों और प्रवेश मार्गों को सजाया गया। इनमें भाजपा के झंडे और केंद्र सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं वाले पोस्टर और बैनर लगाए गए। समारोह के लिए तीन मंच बनाए गए थे मुख्य मंच पर राज्यपाल कलराज मिश्र, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भजनलाल शर्मा, विधायक प्रेमचंद बैरवा व दीया कुमारी बैठे। एक पर विभिन्न मंत्री व मुख्यमंत्री बैठे थे,वहीं एक मंच पर साधु समाज के लोग बैठे।

शपथ ग्रहण के दौरान समर्थकों ने 'जय श्री राम' और 'मोदी-मोदी' के नारे लगाए। समारोह में राज्यभर से पार्टी विधायक, नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। शपथ ग्रहण समारोह से कुछ समय पहले रामनिवास बाग में एक प्रवेश केंद्र पर कुछ देर के लिए अराजक स्थिति पैदा हुई जब कुछ लोगों ने जबरदस्ती कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करने की कोशिश की। पुलिस वाले उन्हें रोक पाते, इससे पहले कुछ लोग अवरोधक पार कर गए। हालांकि थोड़ी ही देर में पुलिस ने हालात काबू में कर लिए।

भजनलाल भाजपा के प्रदेश महासचिव हैं, उनके पास राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री है। शर्मा ने जयपुर की सांगानेर सीट 48,081 वोटों के अंतर से जीती है। वह भरतपुर जिले के रहने वाले हैं। रोचक बात यह है कि विधायक दल के नेता के रूप में शर्मा के नाम का प्रस्ताव पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने किया जिन्हें खुद मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल माना जा रहा था। इस तरह से शर्मा भाजपा की ओर से उन तीन विधायकों की कतार में शामिल हो गए हैं जिन्हें पार्टी ने तमाम दिग्गजों को दरकिनार कर मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी इससे पहले छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय तथा मध्य प्रदेश में मोहन यादव को भी इसी तरह इस पद के लिए चुन चुकी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में सात नवंबर से 30 नवंबर के बीच चुनाव हुए थे।

शपथ ग्रहण समारोह से पहले शर्मा ने सुबह यहां गोविंद देवजी मंदिर में दर्शन किये और टोंक रोड पर पिंजरापोल गौशाला में गायों को चारा खिलाया। उन्होंने अपने माता-पिता का आशीर्वाद भी लिया।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का परिचय

सरपंच से मुख्यमंत्री तक का सफर जयपुर, 15 दिसंबर (भाषा) बीते मंगलवार की दोपहर तक किसी को अंदाजा नहीं था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायकों के फोटो सेशन में पीछे वाली कतार में खड़ा व्यक्ति कुछ ही मिनट बाद राज्य की राजनीति के केंद्र में होगा।

भजनलाल शर्मा की मंगलवार को कहानी कुछ ऐसी ही रही। उन्हें भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया और इसके साथ ही वह राज्य की राजनीति के केंद्र में आ गए। भरतपुर की एक ग्राम पंचायत के सरपंच रहे शर्मा अब राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने शुक्रवार को यहां ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पद व गोपनीयता की शपथ ली।

भजनलाल शर्मा पहली बार विधायक बने हैं। पार्टी के प्रदेश महासचिव शर्मा सुर्खियों से दूर रहकर काम करने के लिए जाने जाते हैं। शर्मा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े रहे हैं और 1992 में श्रीराम जन्मभूमि भूमि आंदोलन के दौरान जेल भी जा चुके हैं। अपने 34 साल के सक्रिय राजनीतिक करियर के दौरान उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) और पार्टी में संगठनात्मक स्तर पर विभिन्न पदों पर कार्य किया है। 57 वर्षीय शर्मा को समर्पित पार्टी कार्यकर्ता के रूप में देखा जाता है और वह सुर्खियों से दूर रहना पसंद करते हैं। शर्मा ने अपनी शुरुआती पढ़ाई भरतपुर जिले के अटारी गांव और नदबई कस्बे में पूरी की। बाद में वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में शामिल हो गए और नदबई व भरतपुर इलाके में सामाजिक मुद्दों पर काम करते रहे। शर्मा ने 1990 में एबीवीपी के कश्मीर मार्च में सक्रिय रूप से भाग लिया और 100 अन्य कार्यकर्ताओं के साथ उधमपुर तक मार्च कर गिरफ्तारी दी। वह 1992 में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान जेल भी गये। 1991-92 के दौरान उन्हें भाजयुमो में जिम्मेदारी मिली और उनके राजनीतिक करियर ने नयी रफ्तार पकड़ी। वह पहली बार 27 साल की उम्र में सरपंच चुने गए थे। वह दो बार सरपंच और एक बार पंचायत समिति सदस्य चुने गये। वह भाजपा के भरतपुर जिला सचिव और जिला अध्यक्ष बनने से पहले तीन बार भाजयुमो जिला अध्यक्ष रहे। अपने गृह नगर भरतपुर को छोड़कर, शर्मा ने जयपुर मुख्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी का प्रतिनिधित्व किया।

शर्मा के पास राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री है और उनका व्यवसाय कृषि है। पार्टी नेताओं का कहना है कि शर्मा नियमित रूप से मथुरा में गोवर्धन-गिरिराज परिक्रमा में जाते हैं जहां भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा भी आते थे और दोनों के बीच मुलाकात होती थी। शर्मा तब भरतपुर में जिला अध्यक्ष थे। यहीं से वे नड्डा की नजर में आए। बाद में उन्होंने 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सहयोगी के रूप में काम किया और कहा जाता है कि शाह उनके काम से प्रभावित हुए।

मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में एक दूसरे के बगल में बैठे गहलोत-शेखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को यहां नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में मंच पर, अपने 'कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी' माने जाने वाले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के बगल में बैठे और दोनों नेता काफी समय तक एक दूसरे से गर्मजोशी से बातचीत करते नजर आए। दोनों नेताओं के पास-पास बैठने और बातचीत करने को इस लिए तरजीह दी जा रही है क्योंकि गहलोत केंद्रीय मंत्री शेखावत पर संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी 'घोटाले' में शामिल होने का आरोप लगाते रहे हैं, इस पर शेखावत ने दिल्ली में गहलोत के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है।

शपथ ग्रहण समारोह यहां ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने हुआ। समारोह में पहले पहुंचने वाले नेताओं में गहलोत शामिल थे। शेखावत के साथ ही पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने गहलोत से गर्मजोशी से मुलाकात की। इसके बाद शेखावत और गहलोत पास-पास ही बैठे और एक दूसरे से बातें करते नजर आए। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल रहीं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी मंच पर मौजूद थीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समारोह में शामिल हुए। समारोह के लिए तीन मंच बनाए गए थे जिनमें से एक पर विभिन्न मंत्री व मुख्यमंत्री बैठे थे। मुख्य मंच पर राज्यपाल कलराज मिश्र, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,विधायक प्रेमचंद बैरवा व दीया कुमारी बैठे। एक मंच पर साधु समाज के लोग बैठे थे। नए मुख्यमंत्री व दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने हिन्दी

घर में दंपति सहित परिवार के पांच सदस्यों के शव पाए गए

जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान के बीकानेर जिले के मुक्ताप्रसाद नगर थाना क्षेत्र में दंपति सहित परिवार के पांच सदस्यों ने बृहस्पतिवार को एक घर में कथित तौर पर सामूहिक रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि चार लोगों के शव फंदे से लटके पाये गये, जबकि एक व्यक्ति का शव जमीन पर पड़ा था। पुलिस ने परिवार के सदस्यों द्वारा सामूहिक आत्महत्या किये जाने की आशंका जताई है। पुलिस के अनुसार मृतकों में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि मुक्ता प्रसाद नगर थाना क्षेत्र के अंत्योदय नगर के रहने वाले हनुमान सोनी, उनकी पत्नी और तीन बच्चों ने बृहस्पतिवार दोपहर कथित तौर पर फदें से लटकर आत्महत्या कर ली।

उन्होंने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस दल को चार शव फदें से लटके मिले, जबकि एक शव जमीन पर पड़ा था। कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि जो शव जमीन पर पड़ा था वह संभवत: फंदे से नीचे गिर गया होगा। उन्होंने बताया कि पांचों शवों को पोस्टमार्टम के लिये पीबीएम अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान हनुमान सोनी (45) और उनकी पत्नी विमला (40), दो बेटे मोहित(18), ऋषि (16) और एक बेटी गुड़िया (14) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि मकान मालिक के अनुसार घर से बदबू आने पर उन्होंने पुलिस को सूचित किया। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी कोण से मामले की जांच कर रही है।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा व अन्य नेताओं ने शर्मा को बधाई दी

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा तथा पूर्व मुख्यमंत्रियों अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे सहित अनेक नेताओं ने शुक्रवार को भजनलाल शर्मा को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। शर्मा ने यहां ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की तथा दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई।

नड्डा ने 'एक्स' पर लिखा, भजनलाल शर्मा को राजस्थान के मुख्यमंत्री और प्रेमचंद बैरवा एवं दीया कुमारी को उप-मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर (में) हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होंने लिखा,मुझे पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार शौर्य एवं संस्कृति की भूमि राजस्थान को विकास का नया आयाम प्रदान करेगी। आपके नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब-कल्याण का हमारा संकल्प प्रदेश में शांति एवं समृद्धि के नए युग का सूत्रपात करेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने शपथ ग्रहण समारोह से पहले ही शर्मा को बधाई देते हुए लिखा,राजस्थान के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जन्मदिन एवं शपथ ग्रहण की दोहरी बधाई। ईश्वर आपको स्वस्थ, सुखी एवं चिरायु जीवन प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को शर्मा का जन्मदिन भी था।

तीन आईएएस अधिकारी नए मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थापित

जयपुर। राजस्थान में भजनलाल शर्मा द्वारा नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ ही घंटे बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के तीन अधिकारियों को उनके कार्यालय में अस्थायी तौर पर पदस्थापित किया गया। इसके तहत 1998 बैच के आईएएस अधिकारी टी. रविकांत को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि 2007 बैच की आईएएस अधिकारी आनंदी को मुख्यमंत्री का सचिव और आईएएस अधिकारी डॉ सौम्या झा (2017 बैच) को संयुक्त सचिव बनाया गया है। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार दोपहर इस आशय का आदेश जारी किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यभार संभाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार शाम यहां सचिवालय में कार्यभार संभाल लिया। यहां सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में शर्मा ने अपराह्न चार बजे विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद कार्यभार संभाला। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी एवं गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया एवं पार्टी के अनेक नवनिर्वाचित विधायक उपस्थित थे। पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि शर्मा ने शुक्रवार को यहां ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की तथा दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई।

राजस्थान में विधानसभा की 200 में 199 सीट पर हुए चुनाव में भाजपा को 115 सीट पर जीत मिली। कांग्रेस 69 सीट पर सिमट गयी। राज्य की करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। वहां अब पांच जनवरी को मतदान होगा।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कार्यभार संभाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की नई उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शुक्रवार शाम यहां सचिवालय में कार्यभार संभाल लिया। यहां सचिवालय स्थित कार्यालय में दीया कुमारी ने शाम को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कार्यभार संभाला। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित अन्य लोगों ने दीया कुमारी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। दीया कुमारी ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का भी आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी मौजूद थे। दीया कुमारी ने शुक्रवार को यहां राजस्थान के नए उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। राज्य में विधानसभा की 200 में 199 सीट पर हुए चुनाव में भाजपा को 115 सीट पर जीत मिली। कांग्रेस को 69 सीट मिलीं। राज्य की करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। वहां अब पांच जनवरी को मतदान होगा।

केन्द्र सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने का काम करेंगे : बैरवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के नये उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की नई सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने का काम करेगी। यहां सचिवालय में उपमुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बैरवा ने कहा,निवर्तमान कांग्रेस सरकार चाहती ही नहीं थी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो काम कर रहे हैं वो जनता तक पहुंचे और मोदी जी का नाम हो.. इसलिये उसने (केंद्र की) योजनाओं को जमीनी स्तर तक जाने ही नहीं दिया। उन्होंने कहा,हम प्राथमिकता से उन योजनाओं को जमीनी स्तर पर अंतिम छोर तक पहुंचाने का काम करेंगे। पिछली कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद किए जाने की आशंकाओं के बारे में उन्होंने कहा, योजनाओं का तो उन्होंने (कांग्रेस) ने केवल नाम बदला योजनाएं तो हमारी भारतीय जनता पार्टी की थी। मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल पर बैरवा ने कहा कि इसका निर्णय मुख्यमंत्री लेंगे। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर दलितों पर अत्याचार कर राजस्थान को बदनाम करने का काम करने का भी आरोप लगाया।

क्रूज सेवा को बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा: योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का किया जा रहा विकास

गोरखपुर (उप्र)/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि 'लैंड लॉक्ड स्टेट' कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश में सरकार ने राप्ती, सरयू, गंगा और यमुना जैसी नदियों में 'इनलैंड वाटर वे' सेवा शुरू करने के लिए 'इनलैंड वाटर वे ऑथॉरिटी' का गठन किया है जिससे क्रूज सेवा को बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा।

शुक्रवार को पर्यटन केंद्र के रूप में उभरे रामगढ़ताल में 'क्वीन लेक क्रूज' का उद्घाटन करने के बाद यहां ताल की जेट्टी पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और सड़कों को 'टूलेन' से 'फोरलेन', 'सिक्सलेन', 'एटलेन' और 'ट्वेल्वलेन' बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेल और 'एयर कनेक्टिविटी' भी शानदार है, इसके बावजूद उत्तर प्रदेश को 'लैंड लॉक्ड स्टेट' कहा जाता था पर प्रधानमंत्री मोदी ने इसका भी रास्ता निकाल दिया है। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में वाराणसी से हल्दिया तक गंगा नदी में ' इनलैंड वाटर वे' बनाकर क्रूज चलाया जा रहा है तथा क्रूज सेवा को बढ़ावा देने के लिए लिए राज्य में इनलैंड वाटर वे ऑथॉरिटी का भी गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर को आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त क्रूज के रूप में नया उपहार मिला है तथा खास बात यह है कि इस क्रूज को तैयार करने में स्थानीय श्रमिकों ने योगदान दिया है। उन्होंने कहा ,'' हम जितना अच्छा शहर रखेंगे, उतनी ही पर्यटन और विकास की संभावना बढ़ने के साथ नए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। '' पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि गोरखपुर के लिए यह गौरवशाली अवसर है क्योंकि जो झील कभी गंदगी और उपेक्षा की पर्याय थी, आज वहां क्रूज सेवा शुरू हो गई। क्रूज का उद्घाटन करने के बाद योगी ने क्रूज का अवलोकन किया।

जरूरत पड़ी तो मुख्तार अंसारी की सुरक्षा बढ़ाएंगे: उप्र सरकार ने न्यायालय से कहा

नई दिल्ली/भाषा। उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को आश्वासन दिया कि यदि जरूरत पड़ी तो वह गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की सुरक्षा बांदा जेल में कड़ी कर देगी, ताकि उन्हें कोई क्षति न पहुंचे।

न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ अंसारी के बेटे उमर अंसारी की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने पिता को उप्र के बाहर अन्य जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। पीठ ने कहा, ''इस याचिका में जो मुद्दा उठाया गया है, वह जेल परिसर के भीतर हिरासत में लिए गए व्यक्ति की सुरक्षा का है। कैदी को उप्र के बाहर स्थानांतरित करने संबंधी याचिका पर निर्देश लेने के लिए एएसजी ने कुछ समय देने का अनुरोध किया। अति. सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) के. एम. नटराज ने आश्वासन दिया कि यदि जरूरत पड़ी तो सुरक्षा बढ़ाई जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें (मुख्तार) कोई क्षति न पहुंचे।'' पीठ ने मामले की सुनवाई की तिथि 16 जनवरी तय की। उमर अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि याचिकाकर्ता के पिता को भाजपा के विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था।

संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्ष संसद सुरक्षा चूक मामले का इस्तेमाल कर रहा: ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे संसद की सुरक्षा में चूक मामले का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही ठाकुर ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का इस्तेमाल सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए कर रहा है।

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री ने नजफगढ़ के एक स्कूल में ग्रामीण खेल स्पर्धाओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह से इतर यह टिप्पणी की। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''तीन राज्यों में चुनाव हारने के बाद विपक्ष सदन की कार्यवाही बाधित करने का बहाना ढूंढ रहा है। वे बाधाएं पैदा कर रहे हैं, यहां तक कि लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों से बात की, उनके सुझाव लिए और (सुरक्षा में) सुधार का आश्वासन भी दिया। यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, वे राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं।''

इससे पहले, संसद की सुरक्षा में चूक पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही शुक्रवार को भी बाधित हुई। दोनों सदनों की बैठक अब 18 दिसंबर को होगी।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने कहा कि विपक्ष सदन की कार्यवाही बाधित कर जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा से बचने की कोशिश कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका अनुकरणीय कार्य हमें एक मजबूत और अधिक एकजुट देश के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देता है। अपने नेतृत्व क्षमता के लिए सरदार की उपाधि से सम्मानित पटेल को आधुनिक भारत के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है। उन्होंने सैकड़ों रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''महान सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और देश की एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने आधुनिक भारत की नींव रखी।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''उनका अनुकरणीय कार्य हमें एक मजबूत, अधिक एकजुट देश के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देता है। हम समृद्ध भारत के उनके सपने को साकार करने के लिए उनके कार्यों और जीवन से प्रेरणा लेते हैं।''

नीतीश की वाराणसी रैली 'फ्लॉप शो' साबित होती, इसलिए जद (यू) ने किया रद्द : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को जनता दल (यूनाइटेड) के उस दावे को खारिज कर दिया कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रस्तावित रैली की अनुमति नहीं दी। पार्टी ने साथ ही यह दावा भी किया कि जद (यू) ने कुमार की रैली को इसलिए रद्द कर दिया क्योंकि उसे यह महसूस हो गया था कि यह कार्यक्रम 'फ्लॉप शो' साबित होगा।

जद (यू) ने एक दिन पहले दावा किया था कि उप्र के रोहनिया विस क्षेत्र में 24 दिसंबर को होने वाली नीतीश कुमार की रैली को रद्द कर दिया क्योंकि स्थानीय अधिकारियों ने इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया था। रोहनिया विधानसभा सीट प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के अंतर्गत आती है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने संसद भवन परिसर में कहा, ''उन्होंने खुद ही रैली रद्द कर दी क्योंकि उन्हें लगा कि लोग कम संख्या में आएंगे और यह एक फ्लॉप शो होने जा रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह इलाका अपना दल और भाजपा का गढ़ है।''

रोहनिया वाराणसी का पटेल बहुल विधानसभा क्षेत्र है और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल इसी समुदाय से हैं। वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल अपना दल (एस) की अध्यक्ष भी हैं। जद (यू) नेता और बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को बताया था कि कुमार की रैली रद्द करनी पड़ी क्योंकि वाराणसी के रोहनिया में जगतपुर इंटर कॉलेज प्रशासन ने स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार के दबाव के कारण इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया।

मोदी ने कहा, ''मैंने इंटर कॉलेज के चेयरमैन अजय सिंह से बात की। उन्होंने बताया कि परिसर की चारदीवारी का निर्माण चल रहा है और यही कारण है कि परिसर में कार्यक्रम की अनुमति देने में कठिनाई हो रही है।'' उन्होंने कहा, ''इसके बाद न तो वे फिर वहां गए और न ही उन्होंने कोई आवेदन दिया... मैंने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से बात की और पाया कि उन्हें (अधिकारियों को) इसके बारे में पता भी नहीं था। रैली आयोजित करने के लिए जगह मांगने के लिए किसी ने उनसे संपर्क ही नहीं किया।'' राज्यसभा सदस्य ने दावा किया कि उन्होंने जद (यू) खुद ही रैली रद्द कर दी। उन्होंने कहा, ''क्योंकि उन्हें एहसास हो गया था कि यह एक फ्लॉप शो होगा। मैं जद(यू) नेताओं को चुनौती देता हूं कि यदि उन्होंने आवेदन दिया है तो वे उसकी एक प्रति दिखाएं।''

निलंबित सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए गए विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इन सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष और संसद भवन के मकर द्वार के निकट धरना दिया। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी भी निलंबित सांसदों के प्रदर्शन में शामिल हुईं।

मौजूदा सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित राज्यसभा सदस्य और तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने टी-शर्ट पहन रखी थी जिस पर 'साइलेंट प्रोटेस्ट' (मौन प्रदर्शन) लिखा हुआ था। इस सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित लोकसभा सदस्य और कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने कहा, ''हमारी मांग रही है कि गृह मंत्री अमित शाह को सदन में बयान देना चाहिए। उन्हें वक्तव्य देना चाहिए। वह ऐसा नहीं कर रहे हैं क्योंकि वह संसद में आने से डरे हुए हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम लोकतांत्रिक प्रक्रिया और न्याय के लिए प्रदर्शन जारी रखेंगे।'' संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर हंगामे के दौरान 'अशोभनीय आचरण' तथा 'आसन की अवमानना करने' को लेकर विपक्षी दलों के कुल 14 सदस्यों को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित किए गए सांसदों में लोकसभा के 13 सदस्य शामिल हैं। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन को निलंबित किया गया है। लोकसभा में कांग्रेस के वीके श्रीकंदन, बेनी बेहनन, मोहम्मद जावेद, मणिकम टैगोर, टी एन प्रतापन, हिबी इडेन, जोतिमणि, रम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस, द्रमुक की कनिमोई, माकपा के एस वेंकटेशन और पी आर नटराजन तथा भाकपा के के. सुब्बारायन का निलंबन हुआ है।

नीतीश कुमार ने नवादा में महत्वाकांक्षी गंगा जल आपूर्ति योजना का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नवादा/पटना/भाषा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को नवादा जिले के कादिरगंज के पौरा गांव में महत्वाकांक्षी गंगा जल आपूर्ति योजना (जीडब्ल्यूएसएस) का उद्घाटन किया। पटना जिले के मोकामा में हाथीदह से पाइपलाइन के माध्यम से राजगीर (नालंदा), गया और नवादा जैसे पानी की कमी वाले स्थानों पर स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति करने के लिए जल जीवन हरियाली अभियान के तहत जीडब्ल्यूएसएस की परिकल्पना की गई थी।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह परियोजना गंगा जल की आपूर्ति करके नवादा में पीने के पानी की मांग को पूरा करेगी। अब शहरवासियों को उनके घरों तक पवित्र गंगाजल मिलेगा। जिले के विभिन्न संस्थानों, अस्पतालों, स्कूलों और होटलों को भी गंगा जल उपलब्ध कराया जाएगा। कुमार ने पिछले साल गया और राजगीर में जीडब्ल्यूएसएस के पहले चरण का उद्घाटन किया था। बयान में कहा गया है, परियोजना के माध्यम नवादा में प्रत्येक घर में प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रतिदिन 135 लीटर शुद्ध एवं पेय गंगा जल की आपूर्ति की जाएगी। राज्य के इन तीन शहरों में गंगाजल पहुंचाने के लिए लगाई गई पाइपलाइन की कुल लंबाई 190.90 किलोमीटर है।

उत्तर प्रदेश

प्रयागराज के संगम क्षेत्र में सूटकेस से महिला का शव बरामद, बेटे को पकड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

प्रयागराज/भाषा। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के संगम क्षेत्र में एक सूटकेस से एक महिला का शव बरामद किया है और उसके बेटे को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (नगर) दीपक भूकर ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब दारागंज थाने की पुलिस संगम क्षेत्र में गश्त कर रही थी तो उन्हें सूटकेस लिये एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा और पूछताछ में उसने अपना नाम हिमांशु बताया, जो बिहार के गोपालगंज का मूल निवासी है। उन्होंने बताया कि सूटकेस की जांच करने पर एक महिला का शव मिला।

भूकर ने बताया कि इस बारे में सख्ती से पूछताछ करने पर हिमांशु ने बताया कि वह उसकी मां प्रतिमा देवी (42) का शव है। पुलिस उपायुक्त ने बताया, ''हिमांशु हरियाणा के हिसार जिले के आर्य नगर में अपनी मां के साथ रहता था और उसकी मां एक मिल में काम करती थी। उसने मां से पांच हजार रुपये मांगे थे, लेकिन पैसे नहीं देने पर उसने 13 दिसंबर को अपनी मां की गला दबाकर हत्या कर दी।'' उन्होंने कहा, ''हिमांशु उसी दिन शाम को शव को सूटकेस में भरकर ट्रेन से प्रयागराज आ गया और संगम क्षेत्र में शव को ठिकाने लगाने की फिराक में था।'' मामले में भादंसं की प्रासंगिक धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है और उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। भूकर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और हरियाणा पुलिस को घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है।

भारतीय क्रिकेट में धोनी के योगदान के सम्मान में 'रिटायर' की गई सात नंबर की जर्सी: शुक्ला

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व कप विजेता कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के भारतीय क्रिकेट में अपार योगदान के सम्मान में उनकी सात नंबर की जर्सी को 'रिटायर' करने का फैसला किया है। भारत के इस दिग्गज कप्तान ने देश की तरफ से आखिरी मैच 2019 विश्वकप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। उन्होंने 15 अगस्त 2020 को संन्यास लेने की घोषणा की और उसके बाद किसी भी अन्य खिलाड़ी ने सात नंबर की जर्सी नहीं पहनी।

यहां तक की महान सचिन तेंदुलकर के 2013 में संन्यास लेने के बाद तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को छोड़कर उनकी 10 नंबर की जर्सी किसी खिलाड़ी ने नहीं पहनी थी। ठाकुर ने श्रीलंका के खिलाफ 2017 में वनडे में पदार्पण के दौरान 10 नंबर की जर्सी पहनी थी लेकिन सोशल मीडिया पर इसके लिए उनकी खिंचाई हुई थी। इसके बाद किसी खिलाड़ी ने ऐसी जर्सी नहीं पहनी जिसके पीछे 10 नंबर लिखा हो। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया कि धोनी की सात नंबर की जर्सी को 'रिटायर' करने का फैसला गुरुवार को किया गया।

उप्र: ईडी ने 'फर्जी' बाइक टैक्सी योजना मामले में 28 भूखंड कुर्क किए

नई दिल्ली/भाषा। ईडी ने उत्तर प्रदेश में एक 'बाइक टैक्सी योजना' के प्रवर्तकों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत 2.38 करोड़ रुपये मूल्य के दो दर्जन से अधिक कृषि भूखंड कुर्क कर लिए। योजना के प्रवर्तकों ने कथित तौर पर 72 करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन की हेराफेरी की है। ईडी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अस्थायी रूप से कुर्क 28 भूखंड 'हेलो राइड लिमिटेड' की सहयोगी कंपनियों के नाम पर पंजीकृत हैं और लखनऊ के मोहनलालगंज में स्थित हैं। इसमें कहा गया कि भूखंडों का कुल मूल्य 2.38 करोड़ रुपये है। एजेंसी ने कहा कुर्क की गई संपत्ति 2018-2019 के दौरान निवेशकों की जमा राशि से प्राप्त आपराधिक आय के माध्यम से हासिल की गई थी।

वर्तमान दौरे में दक्षिण अफ्रीका की पिचें स्पिनरों के अनुकूल : कुलदीप यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोहानिसबर्ग/भाषा। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि अपनी तेजी और उछाल के लिए मशहूर रहे दक्षिण अफ्रीका के विकेट वर्तमान दौरे में स्पिनरों के भी अनुकूल हैं।

कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 17 रन देकर 5 विकेट लिए। वह भुवनेश्वर कुमार के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने टी20 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में दूसरी बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। अपना 29वां जन्मदिन मना रहे कुलदीप की शानदार गेंदबाजी से भारत ने यह मैच 106 रन से जीत कर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। कुलदीप ने मैच के बाद कहा,''यह मेरे लिए विशेष दिन बन गया। मैंने पांच विकेट लेने के बारे में कभी नहीं सोचा था। मैं केवल इतना चाहता था की टीम जीते जो कि अधिक महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा,''मैं अपनी गेंदबाजी को लेकर थोड़ा चिंतित था क्योंकि मैं कुछ दिनों बाद खेल रहा था और इसलिए मैं लय हासिल करना चाहता था।

यह शानदार दिन था। गेंद अच्छी तरह से हाथ से छूट रही थी और परिस्थितियों से भी कुछ हद तक स्पिनरों को मदद मिल रही थी।'' कुलदीप ने कहा,''ईमानदारी से कहूं तो विकेट स्पिनरों के लिए बहुत अच्छा था। इन विकेट की सबसे अच्छी बात यह रही कि गेंद पिच होने के बाद बहुत तेजी से आ रही थी। इसलिए कभी कभार आपको अपनी 'वेरिएशन' बदलनी पड़ती है और अगर आप इसे सही कर देते हो तो फिर इसे खेलना आसान नहीं होता।'' कुलदीप इससे पहले आखिरी बार 2018 में द.अफ्रीका में खेले थे। उन्होंने कहा,''2018 में मैं काफी नया खिलाड़ी था और उसके बाद दो वर्ष तक मैं चोट से जूझता रहा। घुटने का ऑपरेशन करवाने के बाद मैंने गेंदबाजी विशेषकर रनअप में कुछ बदलाव किए। मैंने अधिक आक्रामक होने तथा अपनी लेंथ पर ध्यान देने और सीधी गेंद करने का प्रयास किया।''

कुलदीप ने भी अपने साथियों की तरह स्वीकार किया कि वनडे विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार से उबरने में उन्हें कुछ समय लगा। उन्होंने कहा,''पहले सात से 10 दिन वास्तव में काफी मुश्किल थे। जब भी मैं जागता विश्व कप के फाइनल में हार के बारे में सोचता। लेकिन जिंदगी में बदलाव होता है और आगे बढ़ना होता है। मुझे दक्षिण अफ्रीका में खेलने का मौका मिला। मैं 2018 में यहां खेला था और इसलिए परिस्थितियों से वाकिफ था।''

रोहित की जगह हार्दिक मुंबई इंडियन्स के कप्तान बने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। मुंबई इंडियन्स ने बेहद सफल रोहित शर्मा की जगह शुक्रवार को हरफनमौला हार्दिक पंड्या को इस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त किया।

रोहित की अगुवाई में मुंबई की टीम पांच बार चैम्पियन बनी है। वह चेन्नई सुपर किंग्स के साथ इस लीग की सबसे सफल फ्रेंचाइजी टीम है। मुंबई इंडियन्स ने हार्दिक को गुजरात टाइटंस से करार कर पिछले महीने अपनी टीम में शामिल किया। हार्दिक की अगुवाई में गुजरात की टीम अपने शुरुआती सत्र में खिताब जीतने में सफल रही जबकि पिछले सत्र के फाइनल में उसे चेन्नई सुपर किंग्स से हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियन्स से जारी बयान के मुताबिक नेतृत्व में बदलाव उनकी भविष्य की योजना का हिस्सा है । फ्रेंचाइजी ने रोहित को उनकी शानदार योगदान के लिए धन्यवाद दिया। हार्दिक की नियुक्ति पर मुंबई इंडियन्स के वैश्विक प्रदर्शन प्रमुख महेला जयवर्धने ने कहा,''यह विरासत निर्माण और भविष्य के लिए तैयार रहने के मुबई इंडियन्स की सोच का हिस्सा है।'' उन्होंने कहा, '' मुंबई को सचिन से लेकर हरभजन और रिकी से लेकर रोहित तक हमेशा असाधारण नेतृत्व का साथ मिला है। इन सब ने तत्काल सफलता में योगदान देने के साथ-साथ भविष्य के लिए टीम को मजबूत करने पर भी हमेशा ध्यान दिया।'' जयवर्धने ने कहा, ''यह टीम की इस सोच को आगे बढ़ती है। हार्दिक पंड्या आईपीएल 2024 सत्र के लिए मुंबई इंडियन्स की बागडोर संभालेंगे।'' रोहित की अगुवाई में टीम ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीता। जयवर्धने ने कहा, ''हम रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं;। 2013 से मुंबई इंडियन्स के कप्तान के रूप में उनका कार्यकाल बेहद सफल रहा है।''

सुविचार

अनुभव कहता है, कि लोगों को इस बात से कोई मतलब नहीं कि आप खुश हो या नहीं, उन्हें फर्क बस इस बात से पड़ता है, आप उन्हें खुश रखते हैं या नहीं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

जरूर मिलेगा लक्ष्य

विद्यार्थियों में परीक्षा का तनाव कम करने और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते 'परीक्षा पे चर्चा' अनूठी पहल है। परीक्षा के बारे में पुरानी धारणा यह थी कि विद्यार्थी को अपने भविष्य की बहुत चिंता करनी चाहिए और सबकुछ भूलकर केवल और केवल किताबें पढ़ने पर ध्यान देना चाहिए। 'मन की बात' की तरह ही 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम भी सकारात्मकता का प्रसार करता है। बेशक पढ़ाई जरूरी है, इसे मन लगाकर करना चाहिए, लेकिन परीक्षा का ऐसा हौवा भी नहीं होना चाहिए कि तनावग्रस्त हो जाएं। अगर सकारात्मक सोच रखकर पढ़ाई की जाती है तो मस्तिष्क की ग्रहण-क्षमता भी बढ़ती है। मेहनत और आत्मविश्वास के साथ की गई पढ़ाई परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करती है। प्राय: यह देखने में आता है कि कई प्रतिभाशाली बच्चे, जो सालभर खूब पढ़ाई करते हैं, परीक्षा के दिनों में भी जमकर मेहनत करते हैं, लेकिन जैसे-जैसे पेपर का दिन नजदीक आता है, उन्हें अपनी योग्यता पर संदेह होने लगता है। उन्हें ऐसा लगने लगता है कि मुझे कुछ नहीं आता ... मुझसे यह पाठ याद नहीं हो रहा ... बार-बार पढ़ने पर भी यह फार्मूला मेरी समझ से बाहर है ...! कुछ बच्चों की तो इस वजह से तबीयत बिगड़ जाती है। प्राय: सहपाठियों में परीक्षा के अंकों के संबंध में प्रतिस्पर्धा हो जाती है। एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ भी कई बार चिंता और तनाव की वजह बनती है। विद्यार्थियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि आपमें से हर कोई विशिष्ट क्षमताएं रखता है। उन क्षमताओं को पहचानकर स्वयं से प्रतिस्पर्धा करेंगे तो चिंता और तनाव नहीं सताएंगे। मन में यह भावना रखें कि कल मैं इतना ज्ञान अर्जित कर सका/की, आज मैं उससे अधिक अर्जित करूंगा/गी ... मैं अपने मन को भटकने नहीं दूंगा/गी ... मैं हर दिन के साथ श्रेष्ठता को प्राप्त कर रहा/ही हूं।

प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना कि 'परीक्षा पे चर्चा' का उद्देश्य तनाव को सफलता में परिवर्तित करना है, ताकि 'परीक्षा-योद्धा' मुस्कुराहट के साथ परीक्षा दे सकें', अत्यंत प्रासंगिक है।

प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना कि 'परीक्षा पे चर्चा' का उद्देश्य तनाव को सफलता में परिवर्तित करना है, ताकि 'परीक्षा-योद्धा' मुस्कुराहट के साथ परीक्षा दे सकें', अत्यंत प्रासंगिक है। भारतीय शिक्षा प्रणाली को दशकों से ऐसे प्रयास की जरूरत थी। 'परीक्षा' शब्द के साथ ही इतना तनाव जोड़ दिया गया है कि जिस दिन टाइम टेबल आता है, कई बच्चों की भूख कम हो जाती है। उन्हें अपने परीक्षा परिणाम को लेकर आशंका सताने लगती है। वे गुमसुम हो जाते हैं। जब परीक्षाएं चल रही होती हैं तो कुछ बच्चों को इतना तनाव हो जाता है कि उन्हें मनोवैज्ञानिक सलाह की जरूरत पड़ जाती है। परीक्षा के साथ जुड़ीं इन धारणाओं को बदलने की जरूरत है। बेशक परीक्षा वह चरण है, जिससे किसी विद्यार्थी द्वारा अर्जित किए गए ज्ञान का मूल्यांकन होता है, लेकिन इससे न तो तनावग्रस्त होने की और न ही खुद की क्षमता पर संदेह करने की कोई जरूरत है। हां, सालभर मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। शिक्षक जो पढ़ाएं, उनकी ओर ध्यान देना चाहिए। अगर किसी विषय को समझने में दिक्कत आ रही है तो उनसे पूछना चाहिए। ठीक उस योद्धा की तरह, जो प्रशिक्षण व अभ्यास के जरिए अपनी शक्ति व कौशल में रोजाना वृद्धि करता रहता है। उसके हृदय में यह विचार प्रबल होता है कि मैंने कल जितना सीखा था, उससे ज्यादा आज सीखा है ... मैं कल जिस स्थिति में था, आज उससे बेहतर स्थिति में हूं और भविष्य में यह क्रम जारी रखूंगा। जब पूर्ण मनोयोग से सीखा हो, लगन से अभ्यास किया हो और मन में सकारात्मकता की लौ जल रही हो तो कैसी चिंता और कैसा तनाव! बस, अच्छे परिणाम की उम्मीद के साथ मेहनत करते जाएं और नकारात्मकता को नजदीक भी न आने दें। जो विद्यार्थी इन बातों पर अमल करेगा, वह अपना लक्ष्य जरूर पाएगा।

ट्वीटर टॉक

देश के माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी का राजस्थान की वीर धरा पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। शपथ ग्रहण समारोह में माननीय प्रधानमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति से प्रदेशवासियों में उत्साह का नवसंचार होगा।

-वसुंधरा राजे

भजनलाल शर्मा को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं श्रीमती दिया कुमारी जी व श्री प्रेम चंद बैरवा जी को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। मैं आशा करता हूँ कि आप जनसेवा, जनकल्याण एवं प्रदेश के विकास के लिए समर्पित रहेंगे।

-सचिन पायलट

जन-जन के आराध्य गोविंद देव जी महाराज के पावन दर्शन पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रभु की कृपा समस्त राजस्थान के मेरे परिवार पर बनी रहे, उनके आशीर्वाद से प्रदेश वासियों का जीवन सुख-समृद्धि तथा आरोग्यता से अभिसिंचित हो।

-भजनलाल शर्मा

प्रेरक प्रसंग

सेवा से प्रार्थना

एक गुरु के दो शिष्य थे। दोनों ही गहरे आस्थावान थे। ईश्वर-उपासना के बाद वे आश्रम में आए रोगियों की चिकित्सा में गुरु की सहायता किया करते थे। एक दिन उपासना के समय ही एक गंभीर पीड़ित रोगी आ पहुंचा। गुरु ने पूजा कर रहे शिष्यों को बुला भेजा। लेकिन शिष्यों ने कहला भेजा, 'अभी थोड़ी पूजा बाकी है, पूजा समाप्त होते ही आ जाएंगे।' गुरुजी ने दोबारा फिर आदमी भेजे। इस बार शिष्य आ गए, पर उन्होंने अकस्मात बुलाए जाने पर अधैर्य व्यक्त किया। गुरु ने कहा, 'मैंने तुम्हें इस पीड़ित व्यक्ति की सेवा के लिए बुलाया था, प्रार्थनाएं तो फिर भी कर सकते हैं, किंतु अकिंचनों की सहायता करना मनुष्य का प्राथमिक धर्म है। सेवा प्रार्थना से अधिक ऊंची है।' शिष्य अपने कृत्य पर बड़े लज्जित हुए और उस दिन से सेवा को अधिक महत्व देने लगे।

सामयिक

मुख्यमंत्री मोहन यादव योगी के पदचिन्हों पर चलेंगे?

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130

उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद राज्य में मदरसों को लेकर सख्त फैसले लिए गए थे। जिसके चलते फर्जी और अवैध रूप से चलने वाले मदरसों को बंद करने की कार्रवाई भी शामिल थी। अब मध्य प्रदेश सरकार राज्य में गलत तरीके या अवैध रूप से चलने वाले मदरसों पर कार्रवाई शुरू करने कर सकती है। बताया जाता है कि सरकार है जो मदरसे नियमों से हिसाब से ठीक नहीं हैं। उन्हें बंद करवा सकती है। प्रदेश के कई ऐसे मदरसे हैं जो सिर्फ कागजों पर चल रहे हैं। साथ ही कुछ ऐसे भी हैं जिनमें एक कमरे में टेबल और बोर्ड लगाकर संचालन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कार्यभार संभालते ही अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। पहले धार्मिक स्थलों पर लाउड स्पीकर और खुले में मांस की बिक्री पर बैन लगाकर और अब भाजपा कार्यकर्ता पर हमला करने वाले आरोपी के घर बुलडोजर चलाकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संकेत दे दिए हैं। मोहन यादव कहीं न कहीं उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पदचिन्हों पर चलते दिख रहे हैं। राजधानी भोपाल में आरोपी फारुखी राईन के घर पर ये बुलडोजर चलाया गया है। मोहन यादव ने बीते दिन ही मध्यप्रदेश के 19वे मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली और एक दिन बाद ही मुख्यमंत्री मोहन यादव एक्शन में आ गए और भाजपा कार्यकर्ता पर ये जानलेवा हमला करने वाले आरोपी फारुखी राईन के घर पर बुलडोजर चलवा दिया। आरोपी का निवास अतिक्रमण कर तैयार किया गया था और उसने नगर निगम के नियमों का उल्लंघन कर ये घर तैयार कराया था। आरोपी फारुखी का घर भोपाल के 11 नंबर स्थित जनता कॉलोनी में बना था। वहां पर बुलडोजर के जरिए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई चली। मुख्यमंत्री मोहन यादव इस कार्रवाई के जरिए संदेश दे रहे हैं कि अब राजधानी भोपाल हो या मध्यप्रदेश का कोई अन्य शहर गुंडागर्दी नहीं चलेगी। इसी के साथ मीट की ग़ैरकानूनी दुकानों या खुले में मीट या अंडे बेचने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है और इसके खिलाफ़ नई सरकार 'कड़ा कैंपेन' चला रही है। आदेश के मुताबिक बिना अनुमति के मांस-मछली की बिक्री नहीं की जा सकेगी।नगझर क्षेत्र में खुले में मांस बेचने वाली 10 दुकानों पर कार्रवाई की गई है व उन्हें तोड़ भी दिया गया है।

मोहन यादव जिस तरह से फैसले ले रहे हैं, उसे लेकर लोग उन पर कटटर हिंदुत्ववादी एजेंडे पर चलने का अंदेशा जता रहे हैं। लोग मुख्यमंत्री मोहन यादव के हर एक फैसले को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रभावित होना बता रहे हैं। इस बात का एक उदहारण यह भी है कि बुधवार को जब उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उसके बाद सबसे पहले सीधे उज्जैन पहुंचे और बाबा महाकाल के दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना की। बाद में मुख्यमंत्री यादव वापस भोपाल लौटे और सचिवालय में अपने दफ्तर में प्रवेश से पहले पूजा की। उसके बाद कैबिनेट की बैठक में कई बड़े फैसले लेकर अपने इरादे भी साफ कर दिए हैं। मोहन यादव ने कैबिनेट की पहली बैठक में ही सनातन की तरफ आगे बढ़ने के संकेत दे दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि मंत्रालय में काम संभालने के तत्काल बाद उन्होंने धार्मिक स्थलों तथा अन्य स्थलों में अनियमित अथवा अनियंत्रित ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किया। सरकारी दिशा-निर्देश के मुताबिक, लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरुद्ध तेज आवाज में बिना अनुमति के उपयोग को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। राज्य शासन द्वारा प्रदूषण तथा लाउडस्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जांच के लिए सभी जिलों में उड़न दस्तों के गठन का निर्णय लिया गया है। बता दें कि उड़नदस्ते धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों में अचानक निरीक्षण करेंगे। दिशा-निर्देश के मुताबिक, नियमों के उल्लंघन की स्थिति में उड़नदस्ते अधिकतम तीन दिवस में समुचित जांच कर प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, धर्मगुरुओं से संवाद व समन्वय के आधार पर लाउडस्पीकरों को हटाने की कोशिश की जाएगी। साथ ही ऐसे धार्मिक स्थलों की सूची तैयार की जाएगी, जहां पर सरकारी नियमों की अवहेलना हो रही है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में ये फैसले पहले ही लागू कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री मोहन द्वारा लिए गए फैसलों में एक निर्णय उत्तर प्रदेश स्थित अयोध्या में जाने वाले श्रद्धालुओं को लेकर भी था। मध्य प्रदेश सरकार राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को राजधानी भोपाल में यह घोषणा की।अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर योगी सरकार जमकर तैयारियां कर रही है। अगले महीने यानी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या स्थित राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देशभर की शख्सियतें पहुंचेंगी। कई श्रद्धालु भी इस अवसर पर अयोध्या पहुंचेंगे। ऐसे में मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इस अवसर पर मध्य प्रदेश से कई श्रद्धालु अयोध्या आएंगे और वहां जाने वाले श्रद्धालुओं का माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा।

बता दें कि मोहन यादव को 41 वर्ष की मेहनत के बाद मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला है। मोहन यादव 2013 में पहली बार विधायक बनें। इस बाद साल 2018 में एक बार फिर भाजपा ने उनपर भरोसा जताया और उन्होंने इस भरोसे को सही साबित करते हुए एक बार फिर से जीत हासिल की। उज्जैन दक्षिण से विधायक रहे मोहन यादव को साल 2020 में भी मंत्री पद मिला। मोहन यादव एक ऐसे नेता हैं जिनकी गिनती मध्य प्रदेश के अमीर नेताओं में की जाती है। इसके अलावा जहां तक अवैध मदरसे बंद करने की बात है तो यह संघ और भाजपा का एजेंडा है। सरकार इन्हें हर हाल में बंद करके रहेगी, क्योंकि भाजपा जानती है कि मुस्लिम समाज का वोट उन्हें नहीं मिलने वाला है। इसलिए अपने कोर वोट बैंक को एकजुट रखने के लिए वह इस तरह की कार्रवाई समय समय पर करती रहेगी। ताकि उसका वोटबैंक एकजुट रहे। 2018 के चुनाव में जो भटकाव आया था और कांग्रेस पार्टी को जो बढ़त हासिल हुई थी। वह 2023 के चुनाव में नहीं मिले।

उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद राज्य में मदरसों को लेकर सख्त फैसले लिए गए थे। जिसके चलते फर्जी और अवैध रूप से चलने वाले मदरसों को बंद करने की कार्रवाई भी शामिल थी। अब मध्य प्रदेश सरकार राज्य में गलत तरीके या अवैध रूप से चलने वाले मदरसों पर कार्रवाई शुरू करने कर सकती है। बताया जाता है कि सरकार है जो मदरसे नियमों से हिसाब से ठीक नहीं हैं। उन्हें बंद करवा सकती है। प्रदेश के कई ऐसे मदरसे हैं जो सिर्फ कागजों पर चल रहे हैं। साथ ही कुछ ऐसे भी हैं जिनमें एक कमरे में टेबल और बोर्ड लगाकर संचालन किया जा रहा है। सरकार ने गैर मान्यता प्राप्त और कागजों पर चलने वाले फर्जी मदरसों को जल्द बंद कराने का मन बना लिया है और इसमें दोषी पाए जाने वाले लोगों पर कार्रवाई भी हो सकती है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में अभी लगभग 7700 से ज्यादा रजिस्टर्ड मदरसे हैं, लेकिन बाल आयोग द्वारा किए गए निरीक्षण के बाद दर्जनों मदरसे ऐसे थे। जहां नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। कई मदरसे नियम के मुताबिक संचालित होते हुए नहीं पाए गए। मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड के अधीन मदरसों की संख्या हजारों में है और इसके साथ ही सरकार द्वारा मदरसों में शिक्षकों को नियुक्ति के आधार पर अनुदान राशि मिलने का भी प्रावधान है। कांग्रेस का कहना है कि मदरसे अवैध नहीं हैं। जानबूझकर मदरसों को टारगेट किया जा रहा है। जनता का ध्यान भटकाया जा रहा है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग की रिपोर्ट गलत है। वो जानबूझ मदरसों को टारगेट कर रहे हैं। व्यक्तिगत जीवन में मोहन यादव, योगी से अलग है। योगीबाबा है और कुछ ही सम्पति के मालिक है। एमएलसी चुने जाने के समय उनकी संपत्ति 95.98 लाख रुपए थी जो अब बढ़कर 1.54 करोड़ हो गई है। पिछले लोकसभा चुनाव 2014 में सांसद रहते हुए योगी की संपत्ति 72.17 लाख रुपए थी। शुक्रवार को दाखिल पर्चे के साथ दिए गए शप्थ पत्र के मुताबिक मुख्यमंत्री के पास दो असलहे भी हैं। परन्तु साल 2018 में भी टॉप-3 अमीर नेताओं में दूसरे नंबर पर थे।चुनाव से पहले मोहन यादव की तरफ से दाखिल किए गए हलफनामे के मुताबिक उनके पूरे परिवार के पास कुल 42 करोड़ रुपये की चल और अचल दोनों तरह की संपत्ति है। बता दें कि करीब 10 करोड़ की संपत्ति की बढ़ोतरी पिछले 5 सालों में ही हुआ है। तो वहीं उनके पास 9 करोड़ की देनदारी भी है। हलफनामे के मुताबिक मोहन यादव के पास 1.41 लाख रुपये कैश के रूप में मौजूद है। तो वहीं उनकी पत्नी के पास 3.38 लाख रुपये कैश मौजूद है। मोहन यादव की पत्नी के अलग-अलग बैंकों में खाते हैं। उन सभी खातों में मौजूद पैसों की बात करें तो उनके पास 28,68,044 रुपये हैं। आपको बता दें कि मोहन यादव की कुल आय 19,85,200 रुपये है। वहीं उनकी पत्नी सीमा यादव की कुल आय 13,07,000 रुपये है।

मोहन यादव ने अपने हलफनामे में खुद और परिवार के पास मौजूद सोने की भी जानकारी दी है। इसके मुताबिक उनके पास करीब 8 लाख रुपये का सोना है। इसके साथ ही उनकी पत्नी के पास 15.78 लाख रुपये की ज्वेलरी है। मोहन यादव द्वारा चुनाव से पहले दायर हलफनामे के मुताबिक उनके पास करीब 15 करोड़ रुपये की ऐसी जमीन है जिनपर खेती की जाती है। वहीं उनके पास उज्जैन में एक करीब 1 करोड़ रुपये का एक प्लॉट भी है। अगर हम उनकी पत्नी के पास मौजूद जमीन की बात करें तो उनके पास 6 करोड़ को दो लेंड हैं और साथ ही साथ 6 करोड़ से अधिक के घर और फ्लैट है।

चिंतन

भारत के विकास के नए सोपान

संजीव ठाकुर
मोबाइल : 9009 415 415

वर्ष 2014 में केंद्र में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने अपनी पूर्ववर्ती सरकारों की तरह भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में कार्य किया है। जिसके अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने विश्व के प्रमुख देशों जैसे अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा ,जर्मनी, जापान, चीन, फ्रांस और अफ्रीकी देशों के साथ संबंधों को द्विपक्षीय वार्ता तथा विभिन्न समझौता के माध्यम से मजबूती प्रदान की है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात की ष्टि से दूसरे देशों देशों में निवेश करने के मामले में विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है।

मैं किसी भी राजनीतिक पार्टी का कभी हिमायती नहीं रहा पर वर्तमान परिपेक्ष्य में जो विश्व में भारत की स्थिति बनी है उसे अनदेखा भी नहीं किया जा सकता है। भारत के प्रधानमंत्री एक अंतर्राष्ट्रीय सर्वे के अनुसार 767 के साथ लोकप्रियता के शिखर पर हैं। विश्व के बाहुबली देश के बड़े-बड़े राष्ट्र प्रमुख जैसे जो बाइडेन, सी जिन पिंग, राष्ट्रपति पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कनाडा के जस्टिन टुद्रो इस लाइन में काफी पीछे हैं।

भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाया है। विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का ज्यादा रहा है। भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है। इसमें दो मत नहीं कि इसमें वर्तमान एवं पूर्व के प्रधानमंत्रियों को भी बड़ा योगदान रहा है। पिछले 9 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति मैं खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया है। भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है।स्वतंत्रता मिलने के पश्चात भारत में नियोजन की नीति अपनाई तथा वर्ष 1951 में प्रारंभ पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सराहनीय प्रगति की है। वर्ष 1951 से लेकर अब तक 12 पंचवर्षीय योजनाएं क्रियान्वित की जा चुकी है। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान की स्थापना की गई जो भारत को वैश्विक स्तर पर महाशक्ति बनाने की दिशा में सहयोग कर रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत की खेती 1990 के पश्चात निरंतर बढ़ रही है इस दिशा में 1990 के दशक में भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली उदारीकरण निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीति का महत्वपूर्ण योगदान भी माना जा रहा है। उक्त समय में भारत की दशा अत्यंत दयनीय थी इसके अतिरिक्त मुद्रास्फीति बेरोजगारी जैसी स्थित ने विकराल रूप धारण कर लिया था, किंतु विकास की नीति को अपनाने के पश्चात से भारत ने इन परिस्थितियों से निपटने के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या के उपयोग कर विश्व पटल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। भारत की विशाल जनसंख्या को आर्थिक सफलता के मजबूत स्तंभ कहा जा सकता है। भारत ने अपने प्राकृतिक संसाधनों एवं विशाल जनसंख्या का उपयोग कर उत्पादन को कई गुना बढ़ाया है। आज की स्थिति में भारत को एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में देखा जा सकता है और इसे तथाकथित भावी विश्व शक्ति चीन का सबसे ताकतवर प्रतिनिधि तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का भावी सदस्य के रूप में भी देखा जा रहा है। भारत में समय के अनुसार अपनी नीतियों तथा विकास के प्रति मानको में परिवर्तन कर निरंतर आर्थिक विकास की दर को प्राप्त करते हुए अधिकांश विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की है। वास्तव में वर्तमान समय में भारत के ऐतिहासिक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिससे विश्व के सभी देश किसी न किसी रूप से जुड़कर प्रभावित भी हुए हैं। वर्ष 1974 उल्लेखनीय रहा है क्योंकि भारत ने पोखरण में पहला परमाणु परीक्षण किया गया इसका विरोध विश्व के तमाम विकसित देशों ने बहुत जोरदार ढंग से किया भारत को काफी मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा थाश्र वर्ष 2008 में हमारे देश और अमेरिका रूस फ्रांस ब्रिटेन तथा चीन को छोड़कर पी5 के सभी सदस्य देशों के मध्य हुए असैन्य परमाणु समझौता से यह स्पष्ट हो गया था कि अब वैश्विक पटल पर भारत की अनदेखी नहीं की जा सकती है। 2009 में भारत के प्रधानमंत्री का अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने कार्यालय में राजकीय अतिथि के रूप में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री का स्वागत करके कहा कि भारत अब एक परमाणु शक्ति संपन्न देश बन चुका है। यह भारत के छठे परमाणु संपन्न राष्ट्र के तौर पर मिली औपचारिक मान्यता ही थी। भारत यात्रा पर आए बराक ओबामा ने कहा कि भारत अब उभरती हुई परमाणु शक्ति ही नहीं है, वह स्थापित परमाणु शक्ति बन चुका है। भारत की जनसंख्या को देखते हुए भारत की क्रय शक्ति की क्षमता के मामले में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार के क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा हैश्र भारत अब विश्व में एक महत्वपूर्ण वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित होने की ओर अग्रसर है।

भारत में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अत्यधिक ख्याति प्राप्त की है, जिससे अमेरिकी विश्लेषकों के मन में भय पैदा हो गया है। भारतीय औद्योगिक घराने अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी कंपनियों को खरीद कर दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी समूह बन गए हैं। भारत लक्ष्मी मित्तल विश्व के सबसे बड़े स्टील उत्पादक है, मुकेश अंबानी का नाम विश्व के सर्वोच्च पांच धनी व्यक्तियों में लगातार प्रत्येक और शामिल होता रहा है। टाटा स्टील ने अपने आकार से लगभग 6 गुनी बड़ी कंपनी कोरस को भी खरीद लिया तो दूसरी तरफ टाटा मोटर्स ने विश्व प्रसिद्ध ब्रांड जगुआर लैंडरोवर को खरीद कर इसे बीएमडब्ल्यू की प्रतियोगिता में लाकर खड़ा कर दिया। भारतीय मूल के विदेशी उद्योगपतियों ने भारत के बाहर रहकर भी भारत की प्रसिद्धि में वृद्धि की है।

इन उद्योगपतियों में इंदिरा नूई, अरुण सरीन, सबीर भाटिया, विनोद घोसला का नाम विशेष रूप से लिया जा सकता है। भारत मूल के ही सलमान रुश्दी लेखक, अमर्त्य सेन अर्थशास्त्री, झुंपा लहरी लेखिका, वेंकटरमन रामकृष्णन नोबेल पुरस्कार विजेता आदि भारतीय मूल के विदेशी नागरिक विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। वर्ष 2014 में केंद्र में बनी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने अपनी पूर्ववर्ती सरकारों की तरह भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में कार्य किया है। जिसके अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने विश्व के प्रमुख देशों जैसे अमेरिका, आस्ट्रेलिया, कनाडा ,जर्मनी, जापान, चीन, फ्रांस और अफ्रीकी देशों के साथ संबंधों को द्विपक्षीय वार्ता तथा विभिन्न समझौता के माध्यम से मजबूती प्रदान की है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारत में सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात की दृष्टि से दूसरे देशों देशों में निवेश करने के मामले में विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत के आर्थिक विकास से इसके राजनीतिक प्रभाव में वृद्धि हुई है, इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय मंच एवं वार्ताओं में भारत को नियमों में छूट देने की सुविधा प्राप्त हो गई। 2018 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा विश्व आर्थिक मंच में चार दिवसीय बैठक का उद्घाटन किया जाना भारत की बढ़ती विश्व ख्याति को प्रतिबिंबित करता है। भारत इस दशक के अंत तक निसंदेह विकसित देशों के समूह में शामिल हो जाएगा और भारत की वैश्विक ख्याति में चारों तरफ वृद्धि होने की पूरी संभावना है।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

युद्ध का साल रहा 2023 : इजराइल-हमास के बीच सबसे भयावह लड़ाई छिड़ी

दुबई/एपी

यह साल इजराइल-हमास युद्ध से लेकर यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमलों तक सशस्त्र संघर्षों का गवाह रहा है। इनके साथ ही अफगानिस्तान से लेकर यमन तक अनेक देशों को भी 2023 में संघर्ष की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। अफ्रीका के देशों में हिंसा और तख्तापलट की घटनाओं ने उथल-पुथल मचा रखी है तो कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, दक्षिण पूर्व एशिया के म्यांमा में धीरे-धीरे असैन्य युद्ध की स्थिति बन रही है। मध्य और दक्षिण अमेरिका में मादक पदार्थों के व्यापार से उपजी हिंसा ने खलबली मचा रखी है। परमाणु शक्ति संपन्न भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव किसी से छिपा नहीं है। उत्तर कोरिया का परमाणु आयुध भंडार बढ़ता जा रहा है। ईरान पहले से कहीं अधिक यूरेनियम का संवर्द्धन कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने जुलाई में कहा था, ''संघर्ष और अधिक जटिल, घातक और भयावह हो गए हैं। परमाणु युद्ध की संभावना को लेकर चिंताएं फिर से उभर रही हैं।

संघर्ष और युद्ध के शस्त्रों की आशंकाओं से ऐसे नये रास्ते बन रहे हैं जिनमें मानवता विनाश के कगार पर पहुंच रही लगती है।'' इजराइल-हमास युद्ध: सात अक्टूबर को दोनों देशों के बीच भयावह युद्ध की शुरुआत हुई जब हमास चरमपंथियों ने इजराइल पर हमले कर 1,200 से अधिक लोगों को मार दिया और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया। जवाबी कार्रवाई में इजराइल ने भी गाजा पट्टी पर हमले किए।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाबी हमलों का बड़ा अभियान छेड़ दिया। पिछले कुछ वर्षों में पहली बार इजराइल के सैनिक गाजा पट्टी पर पहुंचे और गाजा सिटी की ओर बढ़े। इस संघर्ष में गाजा पट्टी में 18,700 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबरें हैं। इजराइली और फलस्तीनी लोगों की बड़ी संख्या में मौत के खिलाफ दुनियाभर में प्रदर्शन शुरू हो गए। लेबनान के हिजबुल्ला समेत ईरान समर्थित मिलिशिया ने इजराइल पर हमले किए। इजराइल बार-बार हमास को समाप्त करने के अपने मकसद को दोहरा रहा है। इजराइल-हमास के युद्ध ने 2023 के आखिर में यूक्रेन पर रूस के हमलों से ध्यान थोड़ा हटा लिया था। लेकिन इससे पहले के कुछ महीनों में दोनों ही तरफ युद्ध की स्थिति में कुछ खास बदलाव नहीं हुआ था।

शिवराज हुए भावुक, आंखें हुईं नम, कहा: वह मप्र से दूर नहीं जा रहे हैं

भोपाल/भाषा

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा के दौरे में अपनी महिला समर्थकों से घिरे रहे और उन्हें गले लगा लिया एवं भावनाओं में बहकर रो पड़े। चौहान ने अपने कार्यकाल के दौरान महिला केंद्रित कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं।

भोपाल से करीब 55 किलोमीटर दूर चौहान विदिशा के एक प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जा रहे थे तब महिलाओं ने उन्हें घेर लिया और उनकी प्रशंसा में नारे लगाए। चौहान ने इस सप्ताह के प्रारंभ में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया है।

महिलाओं और लड़कियों ने उन्हें भैया और मामा कहकर गले लगा लिया। उन्होंने कहा कि वे उन्हें (मुख्यमंत्री के रूप में) वापस चाहते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भी अपने आंसू नहीं रोक सके और उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि वह मध्य प्रदेश नहीं छोड़ रहे हैं। राज्य में 17 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कुल 230 सीट में से 163 जीतकर शानदार विजय हासिल की। इसके बाद भाजपा ने मंदिरों के शहर उज्जैन से तीन बार विधायक रहे मोहन यादव को राज्य का नया मुख्यमंत्री चुना। लगभग दो दशकों तक मध्य प्रदेश की राजनीति पर हावी रहने वाले चौहान ने यादव को अपना उत्तराधिकारी चुने जाने के बाद 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे चौहान युग का अंत हो गया। चौहान ने खुद इस साल का विधानसभा चुनाव सीहोर जिले के बुधनी से एक लाख से अधिक वोटों के रिकॉर्ड अंतर से जीता। उन्होंने 'लाडली बहना' जैसी 'गेम-चेंजर' योजना शुरू करके मध्य प्रदेश में भाजपा के पक्ष में स्थिति को मोड़ने की कोशिश की। लेकिन उनकी पार्टी ने विधानसभा चुनाव में उन्हें मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर पेश करने से परहेज किया था। चौहान ने इस साल मार्च में लाडली बहना योजना शुरू की थी, जो पात्र महिलाओं को 1,250 रुपये मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है, और बाद में इस राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर 3,000 रुपये करने का वादा किया।

प्रदर्शन

नई दिल्ली में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी शुक्रवार को संसद भवन में चल रहे शीतकालीन सत्र के दौरान 14 निलंबित विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं।

ओटीटी पर प्रदर्शित होगी 'मर्डर मुबारक'

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म निर्देशक होमी अदजानिया ने लंबे समय से चल रही अपनी बहुचर्चित फिल्म 'मर्डर मुबारक' की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म की शूटिंग दिल्ली में चल रही थी। फिल्म मेकर्स ने इसी जानकारी सोशल मीडिया पर भी दी थी। अब दर्शकों को फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। अब खबर आ रही है कि निर्माता दिनेश विजान और नेटफ्लिक्स इंडिया मर्डर मुबारक के लिए एक बार फिर सहयोग करेंगे। जानते हैं कि पूरा मामला क्या है। चोर निकल के भागा ने हासिल किया पहला स्थान

यामी गौतम और सनी कौशल की मुख्य भूमिका वाली मैडॉक फिल्म्स की 'चोर निकल के भागा' 2023 में नंबर 1 सबसे ज्यादा देखी जाने वाली मूल फिल्म और नेटफ्लिक्स पर दूसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म बन गई है, जो अच्छी कहानी के लिए जानी जाती है। दिनेश विजान अच्छे कंटेंट का समर्थन करने के लिए जाने जाते हैं। निर्माता ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि कंटेंट ही राजा है।

ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म मर्डर मुबारक गौरतलब है कि 'आरआरआर' और 'जाने जां' जैसी बड़ी फिल्मों को पछाड़ते हुए, 'चोर निकल के भागा' इस साल नंबर 1 सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म के रूप में रैंकिंग में है। ज्ञातव्य है कि 'मर्डर मुबारक' में सारा अली खान लीड रोल में हैं। वहीं, दर्शकों के लिए एक अच्छी खबर यह है कि करिश्मा कपूर भी फिल्म में हैं। वे लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर दिखेगी। फैंस भी अभिनेत्री को एक बार फिर स्क्रीन पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क

फिल्म में संजय कपूर, विजय वर्मा और भी प्रमुख किरदारों में हैं। करिश्मा कपूर ने साल 2012 में 'डेंजरस इश्क' से कम बैक किया था। हालांकि, यह फिल्म चली नहीं लेकिन करिश्मा के लिए दोबारा से एक्टिंग के रास्ते जरूर खोल दिए। इस मूवी के बाद एक्ट्रेस 'मर्डर मुबारक' में दिखाई देने वाली हैं।

अराजकता की सनक लोकतंत्र के संकल्प को बंधक नहीं बना सकती : नकवी

नई दिल्ली/भाषा। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने लोकसभा की दर्शक दीर्घा से दो लोगों के सदन में कूदने की घटना की पृष्ठभूमि में शुक्रवार को कहा कि ''सामंती अराजकता की सनक'' संवैधानिक लोकतंत्र के संकल्प को बंधक नहीं बना सकती। उन्होंने यहां 'सांविधानिक तथा संसदीय अध्ययन संस्थान'' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि संवैधानिक अधिकारों के तंत्र और कर्तव्यों के मंत्र से ही भारत विश्व का महानतम जनतंत्र बना है। 'संविधान की शक्ति और व्यक्ति की प्रतिबद्धता, किसी भी सामान्य भारतीय को सर्वोच्च पद पर पहुंचाने की ताक़त रखती है। हमारी संवैधानिक-जनतांत्रिक ताक़त का प्रमाण है कि एक गरीब और पिछड़े परिवार के नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री चुने गए।'' आज सफलता का पैमाना पारिवारिक पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि 'परिश्म, परिणाम और परफार्मेंस' का लेखाजोखा है। उनके मुताबिक, ''सामंती अराजकता की सनक'' संवैधानिक लोकतंत्र के संकल्प को बंधक नहीं बना सकती। नकवी ने कहा, ''भारत दुनिया का सर्वाधिक चुनावी प्रक्रिया से होकर गुजरने वाला देश है जहां हर दो महीने में देश का कोई न कोई भाग जनादेश की कसौटी पर कसा जाता है...भारत ने यह साबित किया है कि लोकतंत्र ही लोगों की आकांक्षाओं को पूरा कर सकता है।

मैं अपनी फिल्म 'अवनी की किस्मत' स्कूल, कॉलेज के छात्रों के लिए प्रदर्शित करना चाहती हूं : बैरेटो

कोलकाता/भाषा

नवोदित फिल्म निर्माता शोनेट एंथोनी बैरेटो अपनी हिंदी फिल्म 'अवनी की किस्मत' को विशेष रूप से स्कूली बच्चों और युवाओं के लिए प्रदर्शित करना चाहती हैं।

बैरेटो ने 29वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भारतीय भाषा फिल्म श्रेणी में इस फिल्म के लिए 'सर्वश्रेष्ठ निर्देशक' का पुरस्कार जीता।

निर्माता/निर्देशक ने कहा कि इंसानों को खुद को महाशक्ति समझना बंद कर देना चाहिए और जानवरों को उनका उचित स्थान देना चाहिए। उन्होंने हाल ही में यहां कहा, बच्चे और युवा हमारे देश का भविष्य हैं। मैं स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए फिल्म प्रदर्शित करना चाहती हूं। अवनि, पंढरकावड़ा की मायावी 'आदमखोर' बाघिन है, जिसकी 2018 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बैरेटो की फिल्म इसी कहानी पर आधारित है।

इस फिल्म ने महाराष्ट्र में 13 लोगों की हत्या की आरोपी बाघिन को गोली मारने के मामले में विभिन्न प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर फिर से बहस शुरू कर दी है।

वास्तविक घटनाओं से प्रेरित 'अवनी की किस्मत' महाराष्ट्र के एक जंगल के पास रहने वाले ग्रामीणों की कहानी है, जो लोगों की हत्या के लिए बाघिन अवनि को जिम्मेदार मानते हैं।

निर्देशक ने कहा, मनुष्यों को यह समझना चाहिए कि वे जानवरों के इलाके में घुसपैठ नहीं कर सकते हैं। जानवर अपनी शिकायतें और समस्याएं नहीं बता सकते हैं। वे वन विभाग तक नहीं जा सकते और न ही यह कह सकते हैं कि उनके अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। हमें एक महाशक्ति के रूप में सोचना बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर हम एकजुट रहें, तो हम अपने मिशन में सफल होंगे और मानव-पशु संघर्ष को कम कर सकेंगे।

निर्देशक ने कहा, मैं खुश और गौरवान्वित हूं कि मेरी फिल्म को पुरस्कार मिला। मुझे इस परियोजना का समर्थन करने के लिए अपने निर्माताओं और हमारा समर्थन करने वाले अन्य लोगों को धन्यवाद देना चाहिए।

लांच

हैदराबाद में 22 से 24 दिसंबर तक चलने वाले हिटेक्स हैदराबाद किड्स फेयर 2023 के 16वें संस्करण के पोस्टर के लॉन्च पर श्रीकांत टीजी, हिटेक्स, मनस्वैनी के बिजनेस हेड, स्मिता डॉ जीवनानी गद्दी, अरुण अखिल प्रगना नयन और अन्य।

दीपिका पादुकोण ने परिवार के साथ तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर में लिया आशीर्वाद

तिरुपति/एजेन्सी

एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने आंध्र प्रदेश के तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर के दर्शन किए और भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया। 'चेन्नई एक्सप्रेस' फेम एक्ट्रेस रात में नंगे पैर मंदिर की सीढ़ियां चढ़ीं। इस दौरान उनके साथ उनके माता-पिता और बहन अनीशा पादुकोण भी थीं। दीपिका को ब्लैक कलर की हुडी और मैचिंग लेगिंग पहने हुए देखा जा सकता है और अपने बालों का मैसी बन बनाया हुआ था। वह मंदिर परिसर में नंगे पैर चल रही हैं। उनके साथ उनकी टीम भी थी। वायरल हो रहे एक अन्य वीडियो में 'ओम शांति ओम' की एक्ट्रेस को परिवार के साथ मंदिर में आशीर्वाद मांगते दिखाया गया है। उन्होंने ट्रेडिशनल आउटफिट पहनी हुई है।

वर्कफ्रंट की बात करें, दीपिका को आखिरी बार एक्शन थ्रिलर 'जवान' में स्पेशल अपीयरेंस में देखा गया था, जिसमें शाहरुख खान मुख्य भूमिका में थे। एटली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नयनतारा, विजय सेतुपति, प्रियामणि और सान्या मल्होत्रा प्रमुख भूमिका में हैं। अब वह ऋतिक रोशन और अनिल कपूर अभिनीत अपकमिंग एरियल एक्शन ड्रामा 'फाइटर' की रिलीज के लिए तैयारी कर रही हैं। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित और वायाकॉम18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स द्वारा निर्मित, यह फिल्म 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी। दीपिका के पास 'कल्कि 2898 एडी' और 'सिंघम अगेन' भी पाइपलाइन में हैं।

फिल्म 'रंग दे बसंती' का न्यू लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

एस.आर.के म्यूजिक प्रा. लि.प्रस्तुत खेसारीलाल यादव, रति पांडेय और डायना खान अभिनीत भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती का न्यू लुक रिलीज कर दिया गया है। निर्माता रौशन सिंह ने बताया कि फिल्म रंग दे बसंती का टीजर जल्द रिलीज होगा, जबकि ट्रेलर अगले साल 2024 की जनवरी महीने में रिलीज होगा। हम फिल्म को भव्यता के साथ रिलीज करेंगे।हम भोजपुरी से जुड़े हैं, इसलिए हमारा मानना है कि भोजपुरी को सिर्फ भोजपुरी तक सीमित नहीं रखा जाए। इसके औरा को बढ़ाया जाए। इसके लिए प्रयास करना चाहिए और हम लोग ये करने की हमेशा कोशिश करते हैं। इसलिए हमने अपनी इस फिल्म में कुछ और नये लोगों को जोड़ा है।उन्होंने कहा कि फिल्म में हमने डिजर्विंग लोगों को ही हमने कास्ट किया है। यह दर्शकों को फिल्म में देखने को भी मिलेगा। इस फिल्म में बॉलीवुड के भी लोगों ने काम किया है।

वहीं, निर्देशक प्रेमांशु सिंह ने कहा कि फिल्म रंग दे बसंती कई मायनों में ख़ास है। हमारी फिल्म सिर्फ देशभक्ति वाली फिल्म नहीं है, बल्कि पारिवारिक पृष्ठभूमि पर पनपती देशप्रेम पर आधारित फिल्म है। हमने इस फिल्म में दिखाया है कि फ़ौज की नौकरी सिर्फ पेशा नहीं, पैशन भी है। यह फिल्म दर्शकों को मनोरंजन के साथ एक अलग दृष्टिकोण देगी। उन्होंने कहा कि हमारी फिल्म में साउंड क्वालिटी भी इन्हेन्स हुई है।फिल्म में कैलाश खेर ने टाइटल सांग गाया है। दिलेर मेहंदी और ऋचा शर्मा ने भी इस फिल्म में गाने गाये हैं। हमारी फिल्म का वॉल्यूम हिंदी सिनेमा के समानांतर रहेगी।

खेसारीलाल यादव ने कहा कि फिल्म रंग दे बसंती की शूटिंग मौत का खेल खेलने जैसा था। कश्मीर की बर्फीली वादियों में बिना कपड़े शूट करना आसान नहीं है। वहां ठंड इतनी थी कि कुछ स्पॉट बॉय शूट छोड़ कर चले गये।लेकिन उस ठंड में भी मैंने फिल्म की शूटिंग पूरी की। मेरे साथ रति पांडेय भी उस सर्दी में डटी रहीं और अपना बेस्ट दिया। यहाँ तक कि फिल्म के निर्माता रौशन सिंह और सह निर्माता शर्मिला आर शर्मा मौजूद थी, जिनकी मौजूदगी में हम सबका हौसला बढ़ता था। उन्होंने कहा कि इसके उल्ट जब फिल्म की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हुई, तो वहां गर्मी प्रचंड थी। और वहां डायना, जो मेरी को स्टार हैं, उनके बर्दाश्त से गर्मी बाहर थी। फिर भी हमने फिल्म को शूट किया गया। इसलिए मैं कहूंगा कि सभी कलाकारों ने और फिल्म की पूरी टीम ने एक अच्छी फिल्म बनाने की कोशिश की है। बांकी अब दर्शकों के पर निर्भर करता है कि वे इस फिल्म को कितना प्यार देते हैं।

फिल्म रंग दे बसंती खेसारीलाल यादव, रति पांडे और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, अमित तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैश, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह, सोनू पांडेय, रितु चौहान, रिंकू भारती, नेहा पाठक, खुशबू यादव, संजय वर्मा, अखिलेश कुमार अक्की, सूर्या द्विवेदी, निकिता भारद्वाज और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। संगीतकार ओम झा है।

फिल्म निर्माता को विशेष शैली की फिल्में बनाने के लिए कोई मजबूर नहीं कर सकता : मनोज वाजपेयी

कोलकाता/भाषा

जाने-माने अभिनेता मनोज वाजपेयी ने कहा कि फिल्म निर्माता को किसी विशेष शैली की फिल्में बनाने के लिए कोई मजबूर नहीं कर सकता। हाल ही में यहां 29वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (केआईएफएफ) के दौरान मनोज बाजपेयी (54) ने पत्रकारों से कहा कि यह लोगों पर निर्भर करता है कि वे किस तरह की फिल्में देखना चाहते हैं। अभिनेता ने कहा, ''यह दर्शकों पर निर्भर करता है कि वे कौन सी फिल्में देखना चाहते हैं। हर किसी और हर शैली के लिए जगह होनी चाहिए। कृपया, किसी फिल्म निर्माता से अपनी पसंद की फिल्म बनाने के लिए न कहें। एक निर्देशक अपनी पसंद की फिल्म बनाने के लिए स्वतंत्र है।'' वाजपेयी ने कहा कि ज्यादातर भारतीय फिल्में अच्छे पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देती हैं और महिलाओं का गुणगान करती हैं।

'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के अभिनेता ने कहा, ''मुझे विकल्प देने के लिए मैं निर्देशकों का आभारी हूं। मुझे (मंच) छोड़ने से पहले इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना होगा। मैं खुद से बहुत उम्मीद करता हूं और मैं अपना किरदार बहुत सावधानी से चुनता हूं।'' मनोज ने कहा कि वह 'नकारात्मक और सकारात्मक भूमिकाएं' नहीं देखते हैं क्योंकि मौजूदा समय में बहुत सारी संभावनाए हैं।

'ओवर द टॉप' (ओटीटी) प्लेटफॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता पर अभिनेता ने कहा, 'ओटीटी ने निश्चित रूप से प्रणाली को लोकतांत्रिक बनाया है और पूरे फिल्म जगत की मदद की है।'' उन्होंने कहा, ''ओटीटी प्लेटफॉर्म ने कई अभिनेताओं की मदद की है। महामारी के दौरान कई सितारे सामने आए।'' ओटीटी पर विषयवस्तु के विनियमन पर उन्होंने कहा, ''डिजिटल मीडिया में सेंसरशिप तभी लागू की जानी चाहिए, जब इसकी आवश्यकता हो। मुझे लगता है कि लोग बुद्धिमान और समझदार हैं।''

'ड्राई डे' में एक शराबी के साथ रिश्ते में फंस जाती हैं अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर आगामी फिल्म 'ड्राई डे' की रिलीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि वह फिल्म में एक छोटे शहर की लड़की की भूमिका निभा रही हैं, जो शराब के आदी एक लड़के के साथ रिश्ते में फंस गई है। फिल्म में जितेंद्र कुमार भी हैं। अभिनेत्री ने यह भी साझा किया कि फिल्म प्यार की शक्ति का पता लगाती है। अभिनेत्री ने कहा, हमारी फिल्म 'ड्राई डे' की कहानी मनोरंजक है। यह निश्चित रूप से दर्शकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव पैदा करेगी। हमारे पास एक सुंदर कलाकार और टीम है। मैं छोटे शहर की एक साहसी, आकर्षक लड़की निर्मला का किरदार निभा रही हूं, जो एक शिक्षित परिवार से आती है, लेकिन गन्नू के साथ रिश्ते में फंस जाती है, जिसे शराब की लत है।'' उन्होंने आगे बताया, वह भविष्य के लिए गन्नू को सुधारने की पूरी कोशिश करती है। फिल्म कुछ सामाजिक विषयों की पड़ताल करती है और प्रेम की शक्ति पर भी प्रकाश डालती है। मैं एक शैली के रूप में कॉमेडी और सामाजिक व्यंग्य का आनंद लेती हूं और निर्मला और गन्नू के मधुर संबंधों को विकसित करने में मुझे बहुत समय लगा। एम्मे एंटरटेनमेंट ने हाल के दिनों की कुछ बेहतरीन सामग्री का निर्माण किया है और इस फिल्म में उनके साथ सहयोग करना और सौरभ सर के साथ काम करना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद था।'' सौरभ शुक्ला द्वारा निर्देशित और एम्मे एंटरटेनमेंट के मोनिशा , मधु भोजवानी और निखिल आडवाणी द्वारा निर्मित, फिल्म का प्रीमियर 22 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी आएगा।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जीतो बेंगलूरु नॉर्थ की महिलाओं के जेबीएन समूह वी-कनेक्ट की बैठक अध्यक्ष सुष्मिता सेठिया के नेतृत्व में राजाजीनगर स्थित जीतो कार्यालय में हुआ। मंगलाचरण से प्रारंभ सभा में सेठिया ने सभी का स्वागत किया।

जैन डेवलपमेंट फोरम द्वारा वोटर आईडी कार्ड सुविधा शिविर शुरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन डेवलपमेंट फोरम के अध्यक्ष बाबूभाई मेहता ने बताया कि फोरम द्वारा समाज के प्रवासी सदस्यों के लिए वोटर आईडी कार्ड बनवाने हेतु संभवनाथ जैन भवन में सुविधा केन्द्र शुरु किया गया। मंत्री ललित डाकलिया ने बताया कि इसमें जिन प्रवासी सदस्यों ने अभी तक मतदान करने के लिए इलेक्टरोल लिस्ट में नाम नहीं जुड़वाया है उनके लिए लाभदायी होगा। चेयरमैन इन्दरचन्द नाहर ने कहा कि शुक्रवार को यह कार्य शुरु हो गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रशांत सिंघी ने बताया कि फोरम शहर के अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह का अभियान चलाएंगे। उपाध्यक्ष कविता जैन ने चुनाव विभाग के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संभवनाथ जैन संघ के ट्रस्टी नवरतनमल पारख और फोरम के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

आज की महिलाएं पुरुषों से किसी क्षेत्र में कम नहीं : प्रज्ज्वल गिरिया

जीतो महिलाओं के जेबीएन समूह वी-कनेक्ट की बैठक सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो बेंगलूरु नॉर्थ की महिलाओं के जेबीएन समूह वी-कनेक्ट की बैठक अध्यक्ष सुष्मिता सेठिया के नेतृत्व में राजाजीनगर स्थित जीतो कार्यालय में हुआ। मंगलाचरण से प्रारंभ सभा में सेठिया ने सभी का स्वागत किया एवं महिलाओं के व्यवसाय की ओर बढ़ते कदमों की सराहना की।अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित जेबीएन पायोनियर्स के पूर्व अध्यक्ष प्रज्ज्वल गिरिया ने महिलाओं को नेटवर्किंग व जेबीएन के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा कि आज की महिला निजी जीवन व व्यवसायिक जीवन को संतुलित रखने जैसा उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि महिलायें आज किसी भी रूप में पुरुषों से कम नहीं है बल्कि बेहतर है, उद्योग की ओर बढ़ते उनके कदम से यह साबित हो रहा है। जिया जैन ने अतिथिवक्ता का परिचय दिया।

वी-कनेक्ट उपाध्यक्ष भाविका कोठारी के अनुसार इस महिला जेबीएन समूह में महिलाओं के बीच रेफ़रल व वन टू वन के माध्यम से व्यापार का सिलसिला धीरे धीरे परवान चढ़ रहा है। सचिव तनुजा मेहता ने बताया कि बैठक में वर्षा सांखला को सर्वाधिक रेफ़रल, लीला पितलिया को सर्वश्रेष्ठ 30 सेकंड की प्रस्तुति व शीतल शाह को बेस्ट ट्रेड के लिये सम्मानित किया गया।

बैठक में 29 सदस्यों व 10 आगंतुकों के साथ जीतो नॉर्थ महिला विंग अध्यक्ष बिंदु रायसोनी व उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफना भी मौजूद थी। बैठक के अंत में अगले कार्यालय दर्शन की घोषणा के साथ समूह के भीतर उपयोगी व्यवसायिक संबंधों को पोषित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

साथ-साथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

संविधान शिल्पी डॉ बी आर अंबेडकर सेवा समिति द्वारा बेंगलूरु के यशवंतपुर में दौड्डम्मा देवी उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां की विशेष पूजा की। मुणोत ने इस मौके पर जरुरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया ।

कर्नाटक बैंक एक निजी इकाई है, कोई 'स्टेट' नहीं : उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। संविधान के तहत निजी क्षेत्र का कर्नाटक बैंक कोई सरकारी संस्था नहीं है और इसे वैधानिक या सार्वजनिक कर्तव्य का निवर्हन करने वाला कोई संस्थान या कंपनी करार नहीं दिया जा सकता। यह बात कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कही।

बैंक के खिलाफ दायर एक रिट याचिका को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति के वी अरविंद की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा, ''यद्यपि प्रतिवादी बैंक सार्वजनिक वित्त से जुड़े कार्य में शामिल है और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित है, लेकिन इसे कोई वैधानिक या सार्वजनिक कर्तव्य निभाने वाली संस्था या कंपनी नहीं कहा जा सकता। संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत नहीं आने वाले प्राधिकारों को परमादेश की रिट जारी नहीं की जा सकती।''

राजेश कुमार शेट्टी द्वारा टी सुब्बाया शेट्टी और कर्नाटक बैंक के खिलाफ याचिका दायर की गई थी, जिसमें उन्हें अपने बैंक खाते से 1,24,27,826 रुपये की सावधि जमा राशि निकालने की अनुमति देने का निर्देश देने का आग्रह किया गया था।

यह विवाद सुब्बाया शेट्टी द्वारा निचली अदालत में दायर एक मुकदमे से उत्पन्न हुआ, जिसमें यह घोषित करने की मांग की गई थी कि वह गीता टी पुंजा और पी थिमप्पा पुंजा की वसीयत के एकमात्र निष्पादक हैं।

नवंबर 2022 में, निचली अदालत ने एक अस्थायी निषेधाज्ञा जारी की थी, जिसमें मुकदमे का निपटारा होने तक किसी भी व्यक्ति को गीता पुंजा और थिमप्पा पुंजा के खातों से पैसा निकालने पर रोक लगा दी गई थी। जब रोक हटा दी गई, तो राजेश कुमार शेट्टी ने व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए खातों में धन जारी करने के लिए अभिवेदन दायर किया।

बैंक ने जवाब दिया कि चूंकि अदालत में मुकदमा लंबित है, इसलिए वह उन्हें पैसे निकालने की अनुमति देने में असमर्थ है। इसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उच्च न्यायालय में बैंक का यह विशिष्ट तर्क था कि यहां कोई सार्वजनिक कर्तव्य या कार्य शामिल नहीं है और दूसरा प्रतिवादी (बैंक) भारत के संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकारी संस्था नहीं है, इसलिए बैंक के खिलाफ परमादेश रिट जारी नहीं की जा सकती। उच्च न्यायालय ने भी कहा कि याचिका संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत सुनवाई योग्य नहीं है, क्योंकि दूसरा प्रतिवादी (बैंक) संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत सरकारी संस्था नहीं है।

जो दूसरों की रक्षा करें वही सच्चा नाथ : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्रदुर्गा। बेंगलूरु से दावणगेरे की ओर विहार करते हुए रास्ते में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि हर कोई नाथ नहीं बन सकता। नाथ वहीं कहला सकता है जो केवल अपनी नहीं बल्कि छह जीव काय की रक्षा करें। जब तक हम अपने भीतर की तरफ नहीं झांकेंगे, तब तक हमारा कल्याण नहीं हो सकता। जीवन में धन से अधिक महत्वपूर्ण धर्म है इसलिए धन छूट जाए तो दुःख नहीं करे लेकिन धर्म छूट जाए तो अवश्य दुःख की अनुभूति होनी चाहिए। जो धर्म की क्रिया करता है वहीं सनाथ होता है। सुख-दुःख के कहीं ओर से नहीं हमारी आत्मा व कर्मो से आता है। धर्म की राह पर चलकर भगवान की आराधना करने वाले का जीवन सार्थक हो जाता है।

साध्वी शीतल गुणाश्रीजी ने कहा कि आत्मा स्वयं अनाथ या सनाथ हो जाता है।भौतिक ऐश्वर्य, धन, सम्पत्ति से अथवा अनेक भाषाओं के ज्ञान से कोई व्यक्ति सनाथ नहीं हो जाता। बाहरी वैभव आदि सब कुछ पाकर भी मनुष्य स्वयं की आत्मा पर,इन्द्रियों पर अनुशासन नहीं कर पाता है तो वह अनाथ ही है। संसार में अधिकांश लोग उसे ही नाथ मानते हैं, जिसके माता-पिता, स्त्री-पुत्र, बांधव - मित्र, धन-सम्पत्ति, भौतिक ऐश्वर्य की प्रचुरता हो। क्योंकि सांसारिक लोग यह मानते हैं कि कष्ट, रोग, विपत्ति और संकट आ जाने पर धन, स्वजन एवं भौतिक साधन उसकी रक्षा करेंगे। परन्तु तत्वज्ञ पुरुषों की दृष्टि में वह सब दुःख के समय शरणभूत नहीं है। व्यक्ति सनाथ तभी हो सकता है जब आत्मा पर लगे हुए पूर्वकृत अशुभ कर्मों का फल स्वयं समभाव पूर्वक भोग कर या तपस्या आदि के द्वारा कर्म क्षय करके आत्मा को शांत दांत बना लिया जाए।

आत्मा स्वयं ही अपना नाथ या अनाथ बन जाता है। यदि उसके अन्तर्मन में इन्द्रिय सुखों से विरक्ति, अनासक्ति, विवेक एवं यतनापूर्वक प्रवृत्ति का विवेकरूपी दीपक प्रज्वलित हो जाता है तो वह सनाथता को प्राप्त कर सकता है। पारस भंसाली ने बताया कि साध्वीवृंद दावणगेरे की ओर विहाररत है। साध्वीश्री रविवार को दावणगेरे पहुँचने की संभावना है।

सूर्यनारायण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर

लाभार्थी शर्मा परिवार ने बांटे पीले चावल एवं निमंत्रण पत्रिका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के मुख्य आराध्य भगवान सूर्यनारायण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर है। लाभार्थी सुनील शर्मा एवं उनका परिवार स्वयं शहर में निवासित समाज के लोगों को घर-घर जाकर पीले चावल एवं निमंत्रण पत्रिका देकर न्योता दे रहे हैं, साथ ही सम्पूर्ण भारत में निवासित समाज के लोगों को भी निमंत्रण पत्रिका भेजने का कार्य शुरू किया जा चुका है।

निमंत्रण पत्रिका वितरण के सिलसिले में शुक्रवार को शहर के कोरमंगला में वरिष्ठ समाजसेवी व समाज के पूर्व अध्यक्ष तेजराज शर्मा के घर पहुंच कर सुनील शर्मा ने उन्हें आमंत्रित किया। कोरमंगला पहुंचेंने पर शर्मा परिवार को रथ में बैठाकर शोभायात्रा निकालते हुए उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर तेजराज शर्मा परिवार की ओर से लाभार्थी परिवार का सम्मान किया तथा सुनील शर्मा ने तेजराज शर्मा परिवार को पीले चावल एवं निमंत्रण-पत्रिका देकर आमंत्रित किया। इस मौके रामकन्या देवी, सुनील शर्मा, संतोष शर्मा, चंद्रा शर्मा, इंद्रा शर्मा, राजेश शर्मा, संदीप शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, जेठमल शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

कर्नाटक से पाकिस्तान को किए गए सैटेलाइट फोन कॉल हुए ट्रैक

यादगिर/दक्षिण भारत । कर्नाटक के यादगिर जिले के एक गांव से सैटेलाइट फोन के जरिए पाकिस्तान को की गई कॉल को केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने फिर से ट्रैक किया है। यह कॉल 17 सितंबर को सुबह करीब 3 बजे शेलागी गांव के एक खेत से की गई थी। सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी 19 सितंबर को मिली और जीपीएस के जरिए उसे ट्रैक कर उस स्थान का दौरा किया। यह कॉल कल्याण-कर्नाटक मुक्ति दिवस के दिन चीन निर्मित सैटेलाइट फोन से की गई थी। अधिकारियों ने पहले 2021 में यादगिर जिले के हेदागिमुद्रा गांव से पाकिस्तान में एक सैटेलाइट फोन कॉल को ट्रैक किया था।

खुफिया एजेंसियों ने पाया कि मोस्ट वांटेड आतंकी तत्वों ने 2014 में यादगीर में शरण ली थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने तब यादगिर का दौरा किया था। सूत्र बताते हैं कि स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) से जुड़ा आतंकवादी शेख मेहबूब उर्फ गुड्डु ने मध्य प्रदेश के खंडवा की एक जेल से भागने के बाद यादगिर में शरण ली थी।

स्वागत

तेलंगाना की राज्यपाल तमिलैसाई सौंदर्यराजन का शुक्रवार को हैदराबाद में तेलंगाना विधानसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचने पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने स्वागत किया।

संकल्प

नई दिल्ली में गुरुवार को नई दिल्ली के जीटीबी नगर में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान लोग 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए।

आईआईएससी के वैज्ञानिकों ने विभिन्न तरह के इस्तेमाल के लिए तरल बूंदों के आच्छादन की तकनीक विकसित की

बेंगलूरु। भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के वैज्ञानिकों ने एकल क्रिस्टल विकास और कोशिका संवर्धन सहित विभिन्न अनुप्रयोगों में इस्तेमाल की जाने वाली तरल बूंदों के आच्छादन की एक तकनीक विकसित की है। बेंगलूरु स्थित आईआईएससी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा, ''तेल के अनुकूल और 'हाइड्रोफोबिक' कणों वाले एक मिश्रित आवरण से बूंदों को ढंकने के लिए इस तकनीक के तहत कोशिकीय प्रभाव (संकरे रास्ते से तरल पदार्थ का ऊपर चढ़ना) का इस्तेमाल किया गया।'' यह शोध रिपोर्ट 'नेचर कम्युनिकेशंस' में प्रकाशित हुई है। बूंदें विभिन्न क्षेत्रों के लिए अहम हैं।

माइक्रोरिएक्टर में बूंदों का इस्तेमाल प्रतिक्रिया के अलग-अलग वातावरण तैयार करने में हो सकता है या विभिन्न रसायनों को मिश्रित करने में इसका उपयोग हो सकता है।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com